दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 । अंक: 222 — जयपुर, रविवार, 21 जुलाई, 2024 । आषाढ़, शुक्ल पक्ष- पूर्णिमा , विसं 2081 — पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### UPSC चेयरमैन सोनी का इस्तीफा, 5 वर्ष शेष थी सेवा



**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष मनोज सोनी ने टेन्यर खत्म होने से 5 साल पहले ही अपना इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा "व्यक्तिगत कारणों" से दिया बताया। सोनी ने 2017 से आयोग सदस्य बनने के बाद 16 मई, 2023 को UPSC अध्यक्ष का पदभार संभाला था, जिसका कार्यकाल छह साल (2029) तक था। वे एक महीने पहले राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंप चुके थे। स्पष्ट नहीं कि यह मंजूर होगा या नहीं। यूपीएससी प्रोबेशनर आईएएस पूजा खेडकर के खिलाफ आरोपों के बाद सुर्खियों में है, जिन्होंने कथित तौर पर डॉक्यूमेंट्स में जालसाजी का आरोप है।

### भारतीय पासपोर्ट से अब 57 देशों की यात्रा वीजा फ्री



**नई दिल्ली।** भारतीय पासपोर्ट और मजबूत हो गया है। हेनली पासपोर्ट इंडेक्स के मुताबिक दुनिया में भारत के पासपोर्ट में की वैल्यू बढ़ गई है। 2022 के मुकाबले रैंकिंग में 5 अंकों का सुधार हुआ है। अब भारत का पासपोर्ट 80वें स्थान पर है। इस पर बिना वीजा के 57 देशों की यात्रा हो सकती है। टोगो और सेनेगल देशों ने भी भारतीय पासपोर्ट पर वीजा फ्री एंट्री को मंजूरी दे दी है। बता दें कि इस पर जिन देशों में वीजा फ्री या फिर वीजा ऑन अराइवल की सुविधा है उनमें इंडोनेशिया, रवांडा, थाइलैंड, जमायका, श्रीलंका शामिल हैं।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**सुप्रीम आदेश पर अमल:** शीर्ष अदालत ने केंद्र को 20 जुलाई की दोपहर तक परिणाम अपलोड करने का दिया था निर्देश

# नीट यूजी रिजल्ट फिर घोषित...सीकर के 149 छात्रों को 700+

## पहले जो छब्बे जी थे, अब दुबे जी बन कर रह गए

**बेधड़क** | नई दिल्ली

एनटीए ने 18 जुलाई को नीट मामले पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान मिले निर्देशों के बाद शनिवार को नीट के उम्मीदवारों का रिजल्ट दोबारा घोषित कर दिया। 40 से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए को नीट का रिजल्ट शहर और केंद्र वाइज फिर से जारी करने का निर्देश दिया था। इसके लिए शीर्ष न्यायालय ने केंद्र को शनिवार दोपहर तक का समय दिया था।

### पहचान छुपाने के दिए थे निर्देश

18 जुलाई को हुई सुनवाई में जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने एनटीए को छात्रों की पहचान की गोपनीयता बनाए रखते हुए परिणाम जारी करने का निर्देश दिया था। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा परीक्षा संबंधी याचिकाओं की समीक्षा के बाद 22 जुलाई को अपना अंतिम फैसला सुनाए जाने की उम्मीद है।



## भरतपुर से पुलिस ने दो छात्रों को दबोचा

### मास्टर माइंड और भरतपुर के दो छात्र अरेस्ट

पटना नीट-यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई ने भरतपुर मेडिकल कॉलेज के दो छात्रों कुमार मंगलम बिश्नोई और दीपेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया है। सीबीआई सूत्रों के अनुसार टेक्निकल सर्विलेंस टीम ने परीक्षा के दिन उनके हजारीबाग में मौजूद होने की पुष्टि की है। गिरफ्तार किया गया दूसरा शख्स मास्टर माइंड बताया गया शशि कुमार पासवान एक 'ऑलराउंडर' है।

### सीकर के आंकड़े देखकर शिक्षक भी हैरान

नीट के परिणाम में सीकर के आंकड़े देखकर शिक्षक भी हैरान हैं। राजस्थान के सीकर में नीट परीक्षा में छात्रों को रिकॉर्ड तोड़ अंक मिले हैं। इसमें से सीकर से 149 छात्र ऐसे हैं, जिन्हें 700 से अधिक नंबर आए हैं। वहीं 2037 छात्र ऐसे हैं, जिनके 650 से अधिक अंक आए हैं। साथ ही 4297 छात्रों के 600 से अधिक और 6038 छात्रों के 550 से अधिक अंक आए हैं। वहीं 8225 छात्रों के 500 से अधिक नंबर आए हैं। एक ही जिले से इतनी बड़ी संख्या में छात्रों के ऐसे नंबर देखकर शिक्षक और अभिभावक भी हैरान हैं।

### जल्द शुरू होगी काउंसलिंग

नीट मामले पर 18 जुलाई की सुनवाई से पहले केंद्र ने कहा था कि नीट यूजी काउंसलिंग की प्रक्रिया जुलाई के तीसरे सप्ताह में शुरू हो सकती है, जोकि 4 राउंड में आयोजित होगी।

**हिंगोनिया गो पुनर्वास केन्द्र में पौधरोपण, सीएम बोले...**

# प्रकृति पूजा हमारी संस्कृति

**साथ ही कहा...** हरियाली तीज पर प्रदेशभर में एक दिन में लगाए जाएंगे 1 करोड़ पौधे ■ 'एक पेड़ गोमाता के नाम' अभियान का शुभारंभ ■ गोशाला में लगाए गए 7,500 से अधिक पौधे

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी प्राचीन संस्कृति में प्रकृति पूजा की परंपरा है। हम पेड़, नदी, पहाड़ सभी की पूजा करते हैं। हमारे पूर्वजों ने इसे संस्कृति से जोड़कर पर्यावरण संरक्षण का अद्भुत कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रकृति की सेवा और मां के प्रति सम्मान का भाव जुड़ा हुआ है। शर्मा शनिवार को जयपुर ग्रामीण जिले में स्थित हिंगोनिया गो पुनर्वास केन्द्र में पशुपालन, गोपालन, डेयरी और देवस्थान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सघन वृक्षारोपण अभियान के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने आगामी हरियाली तीज (7 अगस्त) पर पूरे प्रदेश में एक दिन में 1 करोड़ पौधे लगाए जाने की घोषणा की।

### वैचारिक समृद्धता उन्नत राष्ट्र की पहचान

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब युवा 18 वर्ष का होता है तो उसे मतदान का अधिकार मिलता है, लेकिन इस अधिकार के साथ कई दायित्व भी साथ में जुड़ते हैं। हमें जिम्मेदार और जागरूक नागरिक होने का कर्तव्य निभाना होता है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे अपने माता-पिता, समाज और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्नत राष्ट्र की पहचान भौतिक विकास से नहीं, बल्कि वहां के लोगों की वैचारिक समृद्धता से होती है, क्योंकि विचार समृद्ध होते हैं तो राष्ट्र भी विकसित होता है।



### सीएम ने कदंब व आम के पौधे

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने गोशाला परिसर में कदंब एवं आम के पौधरोपण के साथ अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर गोशाला परिसर में करीब 7,500 से अधिक पौधे लगाए गए। इससे पहले मुख्यमंत्री ने मंदिर में दर्शन किए तथा गो पूजन किया। कार्यक्रम में जाते समय विभिन्न स्थानों पर स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री का बड़े उत्साह के साथ स्वागत-सत्कार किया। कार्यक्रम में पशुपालन एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' तथा एक पेड़ गो माता के नाम अभियान के तहत मिशन वन रक्षण 2024 के अंतर्गत प्रदेश में 25 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह अभियान राज्य के गोपालन, देवस्थान, डेयरी एवं पशुपालन विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से चलाया जाएगा।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, जयपुर ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर, जयपुर जिला प्रमुख रमा देवी चोपड़ा, प्रमुख शासन सचिव पशुपालन विकास सीतारामजी भाले, श्रीकृष्णा बलराम सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष अमितासन दास सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## 20 सरपंचों को राज्य स्तर पर किया गया सम्मानित

मुख्यमंत्री भजनलाल ने शनिवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में यशस्वी सरपंच राज्य स्तरीय सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सरपंच शासन की सबसे छोटी किंतु सबसे महत्वपूर्ण इकाई होता है। केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को सरपंच ही धरातल पर उतारता हैं। सरपंच पूरे गांव का प्रतिनिधि होता है इसलिए उसे भेदभाव किए बिना दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ गांव के विकास के लिए कार्य कराने चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने गांवों के विकास के लिए उल्लेखनीय कार्य करने वाले 20 सरपंचों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सरपंचों को अपनी ग्राम पंचायतों के आय के स्रोत बढ़ाने के प्रयास करने चाहिए जिससे वे केंद्र और राज्य सरकार से मिलने वाली निधि के अलावा अपने स्तर पर भी विकास कार्य करवा सकें। गांवों में पानी, सड़क, बिजली, चिकित्सा, शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी तो गांवों से पलायन को रोका जा सकता है।

## मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट...



*जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शनिवार को 'सच बेधड़क' मीडिया ग्रुप के फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा की मुख्यमंत्री निवास पर आत्मीय मुलाकात हुई। मुलाकात के दौरान Sach Bedhadak Tv पर शुरू हो रहे विशेष कार्यक्रम को लेकर चर्चा हुई। इस मौके पर "एक पौधा मां के नाम" अभियान के लिए विनायक शर्मा ने मुख्यमंत्री को शुभकामनाएं दी।*

**जयपुर में सनसनीखेज हत्याकांड...**

# घर में घुसकर व्यवयायी की पत्नी की निर्मम हत्या

■ गोनेर रोड, खोह नागोरियान थाना इलाके का मामला

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी के खोह नागोरियान थाना इलाके में रविवार दोपहर बदमाशों ने घर में घुसकर एक बिजनेसमैन की पत्नी की चाकूओं से गोदकर हत्या कर दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को एसएमएस अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार गोनेर रोड राधा कृष्ण मंदिर के सामने गौरव वाटिका में रहने वाले प्रॉपर्टी डीलर और स्टाम्प विक्रेता सतीश चंद्र शर्मा की पत्नी मंजू शर्मा (45) की हत्या की गई है। रविवार दोपहर में कुछ बदमाश घर में घुसे और उनकी गला रेत कर हत्या कर दी। महिला के पेट पर 12 से ज्यादा चाकू से गोदने गहरे घाव थे। पुलिस मौके पर पहुंची तो पूरा कमरा खून से सना हुआ था। एफएसएल टीम को मौके पर बुलाकर सबूत जुटाए हैं। घटना के बाद जांच में जुटी पुलिस को आसपास लगे हुए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से कुछ बदमाशों की जानकारी मिली है। इस पर पुलिस टीम काम कर रही है।



### युवक को किया डिटेन

पुलिस के अनुसार मंजू शर्मा के घर में किराए पर रहने वाले एक युवक को डिटेन किया है। सूत्रों के अनुसार श्रीकांत नाम के व्यक्ति ने इस हत्याकांड को अंजाम दिया है। पुलिस ने आसपास लगे हुए सीसीटीवी के आधार पर आरोपियों की पहचान की है। कई जगहों पर छापेमारी कर एक युवक को डिटेन किया गया। अन्य युवकों की तलाश की जा रही है।

**हाल-ए-मौसम**

# कई जिलों में झमाझम... सावन की शुरुआत में व्यापक बारिश के आसार

- पाली जिले में खूब बरसे बदरा, बिजली गिरने से एक किशोरी की मौत
- राजाखेड़ा में सर्वाधिक 55, सवाई माधोपुर के ढील डेम पर 40 मिमी वर्षा
- अजमेर, भरतपुर संभाग के लिए जारी किया ऑरेंज अलर्ट

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में पिछले 24 घंटे के दौरान टोंक, भीलवाड़ा, कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, जोधपुर, झालावाड़, धौलपुर, पाली समेत कई जिलों में अच्छी बारिश हुई।

पाली जिले में आंधी-बारिश के बाद बिजली गिरने से एक 16 साल की किशोरी की मौत हो गई। धौलपुर के राजाखेड़ा में 55, सवाई माधोपुर के ढील डेम पर 40, नागौर के रियाबड़ी में 29, पाली के सुमेरपुर में 23, जोधपुर के पीपाड़सिटी में 25, कोटा के पीपल्दा में 60 मिमी बरसात हुई। बहरहाल, मानसून को लेकर बड़ा अपडेट आया है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में 21 और 22 जुलाई को एक बार फिर से मानसून एक्टिव होगा। 21-22 जुलाई को राजस्थान के पूर्वी हिस्सों में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। इसके लिए मौसम विभाग ने अजमेर, भरतपुर संभाग के जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

### प्रदेश में अब तक सामान्य से अधिक बरसात

प्रदेश में मानसून की अब तक की स्थिति देखें तो 148.9 एमएम बारिश हो चुकी है, जो सामान्य बारिश 143.8 एमएम से 4 फीसदी ज्यादा है। जिलेवार स्थिति में 33 में से 14 ऐसे जिले हैं, जहां सामान्य से बारिश कम हुई है।

### आज यहां अलर्ट जारी

मौसम विभाग ने प्रदेश के बीकानेर, जोधपुर, पाली, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, सिरोही, राजसमंद और चूरू समेत अधिकांश इलाकों में आंधी और बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले हफ्ते की शुरुआत में सीकर, चूरू और झुंझुनूं जिलों में बारिश होने के आसार हैं।



### चार-पांच दिन जारी रहेगी बारिश की गतिविधि

मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके अलावा मानसून ट्रफ लाइन दक्षिणी राजस्थान से होकर गुजर रही है। इस वजह से पूर्वी राजस्थान में कुछ जगहों पर आने वाले 4 से 5 दिन बारिश की गतिविधियां जारी रहने के आसार रहेंगे।

### राजधानी में धूप-तपिश-पसीना

राजधानी जयपुर में शनिवार को पूरे दिन चिलचिलाती धूप से गर्मी ने अपने तेवर दिखाए। दोपहर में तेज धूप से लोग खासे परेशान रहे। मौसम विभाग के अनुसार जयपुर में सोमवार को बारिश होने की संभावना है।

## जरूरी खबर

### स्कूलों में कल से मनाया जाएगा शिक्षा सप्ताह



**जयपुर।** प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की चौथी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 22 से 28 जुलाई तक सभी राजकीय विद्यालयों में शिक्षा सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के आयुक्त अविचल चतुर्वेदी ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी किए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति की चौथी वर्षगांठ पर एक सप्ताह तक स्कूलों में अलग-अलग दिन अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जाएगी और इन्हें दूसरे राज्यों से साझा भी किया जाएगा।

### श्रीगंगानगर MLA के समर्थकों ने बंद कराया बाजार

**जयपुर।** श्रीगंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी सहित नौ लोगों पर एक डॉक्टर के अपहरण और उससे मारपीट करने का मामला दर्ज हुआ है। शनिवार को इस मामले को लेकर विधायक के समर्थक सड़क पर उतर आए और बाजार बंद कर जिला कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन किया। दरअसल, श्रीगंगानगर के भाजपा विधायक जयदीप बिहाणी सहित नौ लोगों पर डॉ. श्याम सुंदर अरोड़ा के अपहरण व उनसे मारपीट करने का मामला दर्ज हुआ है। मामले की जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी गई है। जैसे ही विधायक पर केस दर्ज होने की खबर फैली, वैसे ही शहर के सयुंक्त व्यापार मंडल सहित कई संस्थाओं ने गांधी चौक पर एक सभा बुलाई और बाजार बंद का आह्वान कर दिया।

### निंबाराम ने किया दिव्यांग सेवा केंद्र का अवलोकन



**जयपुर।** संघ के राजस्थान क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम ने भीलवाड़ा में दिव्यांग सेवा केंद्र का अवलोकन किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजस्थान क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम शनिवार को एक दिवसीय प्रवास पर भीलवाड़ा पहुंचे। क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम ने भीलवाड़ा में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर संघ के पदाधिकारियों से भी चर्चा की। इस दौरान निंबाराम ने सक्षम दिव्यांग सेवा केंद्र भीलवाड़ा का अवलोकन किया एवं केंद्र की प्रशंसा करते कई सुझाव भी दिए। प्रांत कार्यवाह डॉ. शंकर लाल माली एवं सक्षम के प्रांत अध्यक्ष महावीर प्रसाद शर्मा ने निंबाराम का भीलवाड़ा आगमन पर भारतीय संस्कृति के अनुरूप दुपट्टा पहना कर स्वागत किया।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने उदयपुर देहात और डूंगरपुर जिला कार्य समिति बैठक को किया संबोधित, कहा...

# 'कांग्रेस ने कभी नहीं की गांव-गरीब और किसान की चिंता'

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा वृहद जिला कार्यसमिति बैठक चितौड़गढ़ सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी के मुख्य आतिथ्य, भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश पाटीदार की अध्यक्षता में शनिवार को विजयाराजे सिंधिया ऑडिटोरियम में हुई।

भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि डूंगरपुर-बांसवाड़ा के प्रत्याशी को हराने के लिए चूहे और बिल्ली (कांग्रेस और बीएपी) को समझौता करना पड़ा। दोनों में अकेले चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं थी। जोशी ने बीएपी पर निशाना साधते हुए कहा कि ये वो लोग हैं, जोहार सलाम करते हैं। इस क्षेत्र को किस दिशा में ले जाना चाहते हैं। आदिवासियों ने हमारे धर्म और संस्कृति को बचाने के लिए अंग्रेजों को खदेड़ा था। सीने पर गोलियां खाई। मुगलों से नाक रगड़वाई। वे धर्म और संस्कृति से कभी विचलित होने वाले नहीं हैं। हम सर्व मंगल की कामना के साथ आगे बढ़ रहे हैं। जोशी ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा पर निशासा साधते हुए कहा कि दोनों भाई-बहन ईसाई धर्म की शिक्षा लिए हैं। वायनाड में जाकर कुछ हो जाते हैं और अमेठी में आकर कुछ और फिर रायबरेली में कुछ और। उन्होंने कहा कि हम सभी धर्मों का सम्मान करने वाले लोग हैं, लेकिन हमारे धर्म का कोई अनादर करे यह भी हमसे बर्दाश्त नहीं होगा। बैठक में टीएडी मंत्री बाबूलाल खराड़ी, राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, सांसद मन्नालाल रावत सहित पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान बैठक में मानगढ़ धाम पर बीएपी नेताओं के बयानों पर भाजपा के आदिवासी नेताओं ने जमकर निशाना साधा।




### बीएपी पर साधा निशाना

प्रदेश अध्यक्ष जोशी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारत आदिवासी पार्टी के लोग इस क्षेत्र को किस दिशा में लेकर जा रहे हैं। आज ये जाति की बात करते हैं जब जनजाति वर्ग की बहन राष्ट्रपति बन रही थी तो उसे वोट नहीं दिया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में जो विकास किया है वह भाजपा ने किया है। ये सिर्फ लोगों को भड़काने का काम करते हैं। हम किसी धर्म, जाति, समाज की बात नहीं करते, हम सबको साथ लेकर विकास की बात करते हैं। ये वही लोग है जो कश्मीर में धारा 370 हटाने का, देश के विकास और राम मंदिर का विरोध करते थे।

### भारत का विश्व में बज रहा है डंका

सीपी जोशी ने कहा कि देश में मजबूत प्रधानमंत्री है, जिससे विपक्ष के लोग घबरा गए हैं। भारत आज विश्व में पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनी है और आने वाले वर्षों में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। भारत का आज विश्व में डंका बज रहा है। कांग्रेस और बाकी पार्टियों को देश के विकास से तकलीफ है इसलिए देश में जो पार्टियां एक दूसरे के साथ नहीं बैठती थी, आज मोदी के डर से एक साथ आ गए है। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा की जयंती आज पूरा देश मना रहा है। मानगढ़ धाम का विकास भाजपा ने किया है। जो लोग 99 सीट लाकर खुश हो रहे हैं, उनको पता नहीं 100 में से 99 नहीं 545 में से 99 सीटें है। जोशी ने कहा राहुल गांधी की कथनी और करनी में अंतर है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता के लिए सिर्फ कमल का फूल ही उम्मीदवार होता है। हमें सरपंच से लेकर प्रमुख, विधायक, सांसद तक भाजपा का बनाना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रधानमंत्री नेहरू ने अपने स्वार्थ के लिए संविधान बदला था तथा यह वही कांग्रेस है जिन्होंने बाबा साहब को संसद में नहीं जाने दिया। गांधी नेहरू परिवार को भारत रत्न मिल जाता था, लेकिन बाबा साहेब को भारत रत्न भाजपा की सरकार ने दिया।

## सीएम ने की प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना

# भजनलाल ने गोवर्धन की पूजा अर्चना कर किया दुग्धाभिषेक

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को डीग के पूंछरी का लौठा पहुंचकर गिरिराज जी की पूजा-अर्चना कर दुग्धाभिषेक किया। उन्होंने श्रीनाथजी मंदिर में भी विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। सीएम ने मुड़िया पूर्णिमा मेले के अवसर पर पूंछरी का लौठा में गोवर्धन परिक्रमा कर रहे श्रद्धालुओं से आत्मीय मुलाकात की एवं उन्हें भक्ति भाव से भोजन प्रसादी भी वितरित की।

मुड़िया पूर्णिमा मेले के अवसर पर शनिवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गोवर्धन परिक्रमा मार्ग में स्थित पूंछरी का लौठा पहुंचे। यहां पहुंचकर मुख्यमंत्री ने पहले अपने इष्ट देव श्रीनाथजी के दर्शन किए। उसके बाद गिरिराज जी का अभिषेक और पूजा की। मुख्यमंत्री ने हर वर्ष की भांति इस बार भी पूंछरी में भंडारे का आयोजन किया। यहां से गुजरने वाले श्रद्धालुओं को खुद मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से प्रसादी वितरित की। इस अवसर पर गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम और अन्य विधायक मौजूद रहे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार शाम करीब 5 बजे डीग जिले के पूंछरी का लौठा पहुंचे। यहां पर उन्होंने श्रीनाथ जी के मंदिर पहुंचकर दर्शन किए। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री शर्मा का साफा बांधकर स्वागत सम्मान किया। सीएम शर्मा ने यहां गिरिराज जी का दुग्धाभिषेक कर पूजा की। यहां पूजा कर सीएम शर्मा ने प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री शनिवार को पूछने के गेस्ट हाउस में ही रात्रि विश्राम के बाद रविवार सुबह यहां स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। उसके बाद भरतपुर के लुधावई पहुंचकर गुरु पूर्णिमा के अवसर पर कार्यक्रम में भाग लेंगे। पूंछरी का लौठा में सीएम शर्मा के साथ गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, कामां विधायक नौक्षम चौधरी, डीग कुम्हेर विधायक डॉ शैलेश सिंह एवं अन्य पार्टी पदाधिकारी मौजूद थे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गिरिराज जी और श्रीनाथजी के अनन्य भक्त हैं। मुख्यमंत्री बनने से पहले से ही भजनलाल शर्मा नियमित रूप से श्रीनाथजी और गिरिराज जी के दर्शन करने जाते हैं। मुख्यमंत्री बनने के बाद भी समय-समय पर भजनलाल शर्मा श्रीनाथजी के दर्शन करने के लिए पूंछरी आते रहते हैं।



### भंडारे में सीएम ने किया प्रसादी वितरण

मुड़िया पूर्णिमा मेले के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस बार भी सीएम भजनलाल शर्मा ने पूंछरी में भंडारा लगाया है। सीएम शर्मा ने खुद अपने हाथों से यहां से गुजरने वाले श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की। गिरिराज जी की परिक्रमा लगाने वाले हजारों श्रद्धालुओं को यहां से प्रसादी वितरित की जाती है।

### भजनलाल एवं देवनानी की गुरु पूर्णिमा पर शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि गुरु पूर्णिमा का पर्व गुरु-शिष्य परंपरा का परिचायक है। यह हमें अपने गुरु के प्रति सच्ची श्रद्धा और सम्मान व्यक्त करने की प्रेरणा देता है।

## जोधपुर दौरे पर आए केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह ने कहा...

# पर्यटन विकास के लिए राज्य सरकार योजना भेजे, सकारात्मक विचार होगा

**बेधड़क** | जयपुर/ जोधपुर

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत शनिवार को जोधपुर दौरे पर पहुंचे। इस दौरान एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि राजस्थान सरकार पर्यटन को लेकर योजना बनाकर भारत सरकार को भेजें निश्चित रूप से उसे पर सकारात्मक रूप से विचार किया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहते हैं कि जिस तरह से भारत ने विकास और विरासत के संरक्षण में विशेषज्ञता हासिल की है, उसको हम पूरी दुनिया को दिखा पाएंगे। शेखावत ने कहा कि दिल्ली में आयोजित होने जा रही वर्ल्ड हेरिटेज कमेटी भारत के लिए यह सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा, मैं स्वयं को भी सौभाग्यशाली मानता हूं कि मेरे मंत्री बनने के साथ ही भारत को इस कमेटी की अध्यक्षता का अवसर मिला है। बैठक को लेकर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार भारत में वर्ल्ड हेरिटेज कमेटी की बैठक होने जा रही है। इसमें देश दुनिया के लगभग 3200 से ज्यादा प्रतिनिधि शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस बैठक में 30 से ज्यादा देशों के मंत्री उपस्थित होंगे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और डीजी यूनेस्को की उपस्थिति में इसका उद्घाटन होगा। यह बैठक देश में करीब 10 दिनों तक चलेगी। उन्होंने कहा कि जो विश्व की धरोहर के रूप में स्थापित है, उनका ऑडिट तो होगा ही, उसके साथ ही जो विश्व के प्रविष्टियां हैं, उन पर भी विचार होगा।

# जयपुर सहित 8 शहरों में होंगे गैस पाइप लाइन कनेक्शन

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में इस वित्तीय वर्ष के अंत तक जयपुर सहित राज्य के 8 शहरों में घरेलू गैस लाइन सप्लाई के लिए पाइप लाइन बिछाई जाएगी।

राज्य सरकार के खान एवं पेट्रोलियम विभाग और सीएनजी-पीएनजी वितरण की कंपनियों के पदाधिकारियों की बैठक हुई। शासन सचिवालय में हुई इस बैठक में सीएनजी सप्लाई करने वाली 13 संस्थाओं (कंपनियों) के पदाधिकारी और खान एवं पेट्रोलियम विभाग की सचिव आनंदी मौजूद रहीं। बैठक में घरेलू गैस सप्लाई के लिए पाइप लाइन बिछाने के साथ एक लाख उपभोक्ताओं को कनेक्शन देने का भी फैसला लिया गया है। इसके लिए एक साल में कुल दो हजार किलोमीटर लंबी पाइप लाइन बिछाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।



### कनेक्शन के लिए कंपनियां रोड मैप बनाएंगी

राज्य सरकार और पेट्रोलियम कंपनियों की बैठक में घनी आबादी वाले शहरों में घरेलू गैस सप्लाई के लिए पाइप लाइन बिछाने का निर्णय लिया गया है। इन शहरों में राजधानी जयपुर सहित कोटा, अलवर, जोधपुर, उदयपुर, बूंदी, अजमेर और पाली जिलों को शामिल किया गया है। खान एवं पेट्रोलियम विभाग की ओर से सीएनजी सप्लाई करने वाले प्रतिनिधियों से कहा गया है कि वे गैस पाइप लाइन बिछाने को लेकर अपना रोडमैप तैयार करें। तय रोडमैप का प्रस्ताव बनाकर सरकार को सौंपे ताकि सरकार में उच्च स्तर पर मंथन किया जा सके। उसके बाद सरकार की अनुमति मिलेगी और पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू हो सकेगा।

## आधार केंद्रों पर कार्रवाई के लिए प्रदेश भर में चलेगा सघन अभियान

# फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले केंद्रों पर होगा एक्शन

**बेधड़क** | जयपुर

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने शनिवार को विधानसभा में आश्वस्त किया कि प्रदेश भर में सघन अभियान चलाकर फर्जी तरीके से आधार कार्ड बनाने वाले आधार केंद्रों एवं ई-मित्र संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए प्रदेश में संचालित सभी ई-मित्रों और आधार केंद्रों की जांच की जाएगी तथा आधार मशीनों की वार्षिक रिपोर्ट मंगाकर उनका भी परीक्षण किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि ई-मित्र संचालकों द्वारा निशुल्क सेवाओं तथा सशुल्क सेवाओं की राशि की जानकारी केंद्र के बाहर लिखा जाना अनिवार्य किया जाएगा ताकि आमजन से सेवाओं का अधिक शुल्क नहीं वसूला जा सके।



संसदीय कार्य मंत्री रानीवाड़ा विधायक रतन देवासी द्वारा इस संबंध में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से उठाए गए मामले पर जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के सीमावर्ती जिलों में संचालित अधिकृत आधार केंद्रों द्वारा फर्जी आधार कार्ड बनाया जाना राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हुआ बेहद गंभीर मामला है। राज्य सरकार द्वारा ऐसे मामलों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

उन्होंने बताया कि 21 जून, 2024 को फर्जी दस्तावेजों एवं बायोमेट्रिक का उपयोग कर फर्जी आधार कार्ड बनाए जाने की खबर प्रकाशित होने पर सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, नई दिल्ली से आधार कार्ड के संबंध में जांच करवाई गई।

### सांचौर: दो ई-मित्रों के खिलाफ कार्रवाई

संसदीय कार्य मंत्री बताया कि सांचौर जिले में फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले ई-मित्र संचालकों के विरुद्ध 2 प्रकरण दर्ज किए गए। इनमें से एक प्रकरण में जांच के दौरान आधार कार्ड का नामांकन रजिस्ट्रार, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के अधीन कार्यरत ऑपरेटर कन्हैयालाल की आईडी से होना पाया गया। प्रकरण में संलिप्त ई-मित्र एवं आधार संचालकों के खिलाफ 21 जून, 2024 को पुलिस थाना सरवाना, जिला सांचौर में पुलिस प्राथमिकी संख्या-63 दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की गई।

### राजस्व नक्शों में हेराफेरी करने वालों की होगी जांच

**जयपुर।** राजस्व मंत्री हेमंत मीणा ने राज्य विधानसभा में बताया कि मारवाड़ जंक्शन विधानसभा क्षेत्र के राजस्व ग्राम जोजावर में प्रथमदृष्टया नक्शों में हेराफेरी पाई गई है। उन्होंने आश्वस्त किया कि नक्शों में गलत तरीके से किए गए परिवर्तन की जांच कराकर दोषी कार्मिकों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही नक्शों को दुरुस्त भी करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि मामले की जांच के लिए 19 जुलाई, 2024 को जिला कलेक्टर पाली को पत्र लिखा गया है।

## पिछले पांच वर्षों में जारी की गई एनओसी की होगी जांच

# रामगढ़ बांध क्षेत्र में अतिक्रमण का किया जाएगा सर्वे: जल संसाधन मंत्री

**बेधड़क** | जयपुर

जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने रामगढ़ बांध क्षेत्र में अतिक्रमण से संबंधित प्रकाशित खबरों को गंभीरता से लेते हुए बांध क्षेत्र में अतिक्रमण के सर्वे के लिए टीम गठित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बांध क्षेत्र में सर्वे टीम की रिपोर्ट के उपरांत अतिक्रमण पाए जाने पर तत्काल ही उसे हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

रावत ने बताया कि रामगढ़ बांध में भराव एवं बहाव क्षेत्र में अतिक्रमण के सर्वे के लिए जल संसाधन, राजस्व, जयपुर विकास प्राधिकरण एवं जिला कलेक्ट्रेट जयपुर के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की संयुक्त जांच टीम का गठन करने के निर्देश दिए गए हैं। संयुक्त जांच टीम तत्काल ही मौके पर जाकर रामगढ़ बांध क्षेत्र का मौका निरीक्षण रिपोर्ट तैयार करेगी।

उच्च न्यायालय की मॉनिटरिंग कमेटी द्वारा बांध क्षेत्र के कुछ स्थान चिह्नित किए गए है, जहां अतिक्रमण की स्थिति बताई गई है। ऐसे सभी स्थानों को संबंधित विभागों द्वारा जांच करवाकर कार्रवाई की अनुपालना रिपोर्ट उच्च न्यायालय को भेजी जाएगी।

### अधिकारी दोषी पाया तो एक्शन

मंत्री रावत ने बताया कि अतिरिक्त मुख्य सचिव, जल संसाधन को निर्देश दिए गए हैं कि विधानसभा में सदस्य द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में यदि गलत तथ्य पेश किए गए है तो इसकी भी जांच करवाई जाएगी। यदि कोई अधिकारी दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। जल संसाधन मंत्री ने बताया कि रामगढ़ बांध क्षेत्र में निर्माण से संबंधित पिछले पांच वर्षों में जल संसाधन विभाग से राजस्व विभाग, जयपुर विकास प्राधिकरण इत्यादि संस्थाओं को अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं तो इसकी जांच करवाई जाएगी। यदि किसी भी प्रकार का गलत अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया है या खामी पाई गई है तो इसमें लिप्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।




### प्राइवेट कॉलेज के लिए अब ऑनलाइन जारी होगी एनओसी

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में शनिवार को उच्च शिक्षा की अनुदान मांगों पर बहस हुई। सत्तापक्ष व विपक्षी सदस्यों की ओर से अनुदान मांगों को लेकर सरकार से विभिन्न कार्यो को लेकर जवाब मांगा। उच्च शिक्षा की अनुदान मांगों पर बहस का जवाब देते हुए डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि पिछली सरकार ने आचार संहिता लगने से एक दिन पहले नए कॉलेज खोलने राजसैस सोसायटी का रजिस्ट्रेशन किया। उस दौर में खुले कॉलेजों की न बिल्डिंग है और उनमें ना शिक्षक है। हमारी सरकार नए कॉलेजों में सभी सुविधाएं विकसित करेगी। बैरवा ने कहा कि उच्च शिक्षा का इंटीग्रेटेड पोर्टल बनेगा, जिस पर पूरा डेटाबेस रहेगा। प्राइवेट कॉलेज के लिए अब ऑनलाइन एनओसी मिलेगी। प्राइवेट कॉलेजों को पहले ऑफलाइन अप्लाई करना होता था, अब ऑनलाइन अप्लाई करके एनओसी देना शुरू किया है।

## जरूरी खबर

### हजरत गट्टे वाले बाबा का उर्स कल से होगा शुरू



**जयपुर।** टोंक फाटक पुलिया पर स्थित हजरतगट्टेवालेबाबा के सालाना उर्स 22 जुलाई को शाम 5:30 बजे बाबा के झंडे की रस्म चढ़ाने के साथ ही उर्स शुरू होगा। मंगलवार 23 जुलाई को बाबा के आंगन में रात्रि भजन एवं कव्वाली का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें शहर के मशहूर कव्वाल, भजन गायक कलाकार शामिल होंगे। 24 जुलाई बुधवार को दोपहर 4:00 बजे के बाद बाबा जी को जुलूस के साथ अकीदतमंद (श्रद्धालु) चादर चढ़ाने आएंगे। इस अवसर पर बाबा के आंगन में देश-प्रदेश से पधारे सभी साधु संत पीर फकीर बाबा जी के आंगन में देश दुनिया के अंदर अमन और चैन बना रहे, इसके लिए दुआ करेंगे। उसके बाद कव्वालों द्वारा उर्स समापन रंग पढ़ा जाएगा। दरगाह के गद्दीनशीन व सज्जादानशीन की ओर से कुल के छींटे दिए जायेंगे। भोग विलास के बाद लंगर (प्रसादी) का वितरण किया जाएगा।

### मदरसों में सूखी घास, तिनकों से बनाए पक्षीघर

**जयपुर।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अभिषेक सिद्ध की पहल पर जयपुर जिले के सभी मदरसा स्कूल में शनिवार को बेजुबान पक्षियों के लिए घर बनाए गए। इस दौरान विद्यार्थियों ने समूह बनाकर गत्ते, पत्तियों, सुखी घास, सूखे तिनकों आदि के प्रयोग से विभिन्न प्रकार के पक्षी घर बनाए। इन पक्षी घरों को विभिन्न रंगों के प्रयोग से सजाया गया। अच्छे पक्षी घर बनाने वालें समूह को पुरस्कार दिया गया। सिद्ध ने बताया कि इस तरह की गतिविधि से जहां विद्यार्थियों में बचपन से ही पक्षियों के प्रति प्रेम की भावना का विकास होता है, वहीं इस तरह की गतिविधियों से विद्यार्थियों की क्रिएटिविटी भी प्रकट होती है।

**दुर्लभ संयोग:** कल से शुरु होगा सावन, शुरुआत और समापन दोनों ही सोमवार को

# गुरु पूर्णिमा आज... शिष्य करेंगे अपने गुरुओं का पूजन

बेधड़क | जयपुर

गुरुओं की वंदना का महोत्सव गुरु पूर्णिमा आज मनाई जाएगी। इस अवसर पर गुरुओं की पूजा होगी। धार्मिक शास्त्रों में भी गुरु को भगवान से भी श्रेष्ठ माना गया है, क्योंकि गुरु ही भगवान तक पहुंचने का मार्ग बताते हैं। पंचांग के अनुसार आषाढ़ पूर्णिमा तिथि की शुरुआत शनिवार शाम 5:09 बजे से शुरू होगी जो अगले दिन 21 जुलाई को दोपहर बाद 3:56 बजे तक रहेगी। इसके साथ श्रावण मास की शुरुआत हो जाएगी और समापन 19 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा के दिन होगा।

### कल से शुरु होगा सावन माह

सोमवार से शिव की अराधना का पवित्र सावन माह शुरु होगा। पंचांग अनुसार पूरे वर्ष में एकबार यानी कि श्रावण मास भगवान शिव की पूजा आराधना के लिए माना जाता है। इस मास में आशुतोष भगवान् शंकर की पूजा का विशेष महत्व है। इस बार सावन महीने का एक विशेष संयोग है कि सोमवार के दिन से ही सावन महीने की शुरुआत और समापन हो रहा है और लंबे अंतराल के बाद इस बार सावन में पांच सोमवार आएंगे।

### सावन में इस बार पांच सोमवार

सावन के महीने का आरंभ 22 जुलाई सोमवार से हो रहा है और इसका समापन 19 अगस्त 2024 को होगा। इस बार सावन के महीने में पांच सोमवार पड़ेंगे जो बेहद शुभ माने जाते हैं।

### सावन के 5 सोमवार

- 22 जुलाई - पहला सोमवार
- 29 जुलाई - दूसरा सोमवार
- 05 अगस्त - तीसरा सोमवार
- 12 अगस्त - चौथा सोमवार
- 19 अगस्त - पांचवा सोमवार

## सत्संग में श्रद्धालुओं को दिया गुरु मंत्र

**जयपुर।** तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा सत्संग कार्यक्रम के दूसरे दिन शनिवार को उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त ने राम की व्याख्या की। राम के बारे में बताया। कहा कि जब सब में राम है, हममें राम, तुममें राम, कण-कण में राम है, हम तो सब का सम्मान करते हैं, हम तो आलोचना किसी कि करते ही नहीं है। हम अगर सही कोई बात बताएं तो यह नहीं आपको समझना चाहिए कि हम आलोचना कर रहे हैं। बाबा उमाकान्त द्वारा सत्संग में भक्तों को गुरुमन्त्र (नामदान) दिया गया तथा सत्संग के बाद भक्तों ने कतारबद्ध होकर पूर्ण अनुशासन और व्यवस्था के साथ महाराज के दर्शन किए। गुरु पूर्णिमा पर गुरु के सत्संग और दर्शन के लिए जयपुर आश्रम में सेवादारों द्वारा 30 से ज्यादा भोजन




भंडारों की व्यवस्था की गई है। साथ ही सैकड़ों डेरे-रावटियां और शौचालय तैयार किए गए हैं। रविवार को बाबा उमाकान्त द्वारा गुरु पूजन किया जाएगा।

**जंतर-मंतर में 250 साल पुरानी पद्धति से वायु परीक्षण में किया दावा**

# अबकी बार जमकर बरसेगा मानसून, भारी बरसात होगी

बेधड़क | जयपुर

इस बार राजस्थान समेत देशभर में अच्छी बारिश होगी। इसके साथ ही कई इलाकों में तूफान आने की आशंका जताई गई। यह दावा राजधानी में शनिवार को 250 साल पुराने तरीके से जंतर-मंतर में किए गए वायु परीक्षण में किया गया। मौसम विभाग ने भी इस साल मानसून अच्छा रहने की उम्मीद जताई है। जंतर-मंतर पर शनिवार को सूर्यास्त के बाद शाम 7:17 बजे इस परीक्षण को किया गया। वायु परीक्षण के लिए सबसे पहले ज्योतिषाचार्यों ने इंद्र ध्वज पूजन किया। इसके बाद ध्वज को सम्राट यंत्र के शीर्ष पर ले जाया गया। जमीन से करीब 90 फीट की ऊंचाई पर स्थित इस यंत्र पर ध्वज को रखा और हवा के रुख को देखकर वायु परीक्षण किया गया।



### ऐसे लगाते हैं बारिश का अनुमान

इंडियन काउंसिल ऑफ एस्ट्रोलॉजिकल साइंस जयपुर चैप्टर के चेयरमैन मोहनलाल शर्मा ने बताया कि इस बार वायु परीक्षण के दौरान हवा पूर्व की ओर रही है। जब वायु पूर्वी होती है या उत्तर पूर्वी की ओर होती है यह अच्छी बारिश का सूचक है। हवा अभी पूर्व से चली है। इससे अच्छी बरसात होगी। वहीं, हवा का रुख एक-दो सेकेंड के लिए पश्चिम की तरफ भी घूमा। इसका मतलब है कि कुछ जगह तूफानी हवा भी देखने को मिलेगी।



### आषाढ़ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा को किया जाता है परीक्षण

आचार्य शिवदत्त शास्त्री ने बताया कि यह 250 साल पुरानी परंपरा है। इसके जरिए देश-प्रदेश में होने वाली बारिश का अनुमान लगाया जाता था। इसके लिए यह सम्राट यंत्र जयपुर के महाराज सवाई सिंह द्वितीय ने स्थापित किया था। ऐसा यंत्र जयपुर के अलावा चार जगह दिल्ली, वाराणसी, उज्जैन और मथुरा में भी है। यह परीक्षण तिमाही के लिए किया जाता है। मानसून और बारिश का पूर्वानुमान आषाढ़ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा को सूर्यास्त के समय लगाया जाता है। इस दिन सूर्यास्त के समय एक विशेष प्रकार की हवा चलती है। इसके आधार पर यह गणना की जाती है।

### मौसम विभाग ने भी जताया अच्छी बारिश का अनुमान

मौसम विभाग ने भी इस बार सामान्य से अधिक बारिश का अनुमान जताया है। जयपुर मौसम केन्द्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार इस बार राज्य में मानसून अच्छा रहने की उम्मीद है। कई स्थानों पर सामान्य और कई जगह सामान्य से ज्यादा बारिश का पूर्वानुमान है। पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर, फलोदी और पूर्वी राजस्थान के अलवर, झुंझुनूं के एरिया में बारिश थोड़ी ज्यादा होने का अनुमान है। बता दें कि राज्य में मानसून सीजन के दौरान 435.6MM सामान्य बरसात होती है, जो इस बार 6 फीसदी ज्यादा होने की संभावना है।

**वीर शासन जयंती कल**

## चातुर्मास स्थलों और जैन मंदिरों में होंगे विशेष आयोजन



बेधड़क | जयपुर

दिगंबर जैन धर्मावलंबी की ओर से सोमवार को वीर शासन जयंती पर्व पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर शहर में चातुर्मास स्थलों एवं मंदिरों में विशेष आयोजन होंगे। राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि वीर शासन जयंती पर शहर के विभिन्न जैन मंदिरों में संगोष्ठी होगी।

साधु - संतों द्वारा भगवान महावीर के उपदेशों पर विशेष प्रवचन दिया जाएगा। जयपुर में मुख्य आयोजन राजस्थान जैन सभा जयपुर के तत्वावधान में कीर्तिनगर के पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मुनि समत्व सागर ससंघ के सानिध्य में सुबह 7:30 बजे से होगा। मीरा मार्ग के आदिनाथ दिगंबर जैन भवन में मुनि प्रणम्य सागर ससंघ, दुर्गापुरा के चन्द्र प्रभू दिगंबर जैन मंदिर में पावन सागर ससंघ, दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र पदमपुरा बाड़ा में मुनि महिमा सागर ससंघ, बरकतनगर के णमोकार भवन में मुनि अर्चित सागर, बीलवा के नांगल्या स्थित विमल परिसर में गणिनी आर्यिका नंगमति माता, झोटवाड़ा के पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आचार्य शशांक सागर ससंघ, प्रतापनगर के सैक्टर 8 स्थित शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में उपाध्याय उर्जयंत सागर, अग्रवाल फार्म पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में उपाध्याय वृषभानंद, दहमीकलां के आदिनाथ मंदिर में आचार्य नवीन नंदी के सानिध्य में सोमवार को सुबह वीर शासन जयंती के विशेष आयोजन होंगे।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार

आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...

अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं

news@sachbedhadak.com

पर E- Mail करें।


**पुणे की फ्लाइट पकड़ने आया था ज्वेलर**

## एयरपोर्ट से 25 लाख के गहने चोरी

बेधड़क | जयपुर

सांगानेर एयरपोर्ट पर पुणे की फ्लाइट पकड़ने के लिए आए ज्वेलर के 25 लाख के गहने चोरी हो गए। चैकिंग के बाद बैग संभालने पर चोरी का पता चला। एयरपोर्ट थाने में ज्वेलर ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। एएसआई रामलाल ने बताया कि पुणे महाराष्ट्र निवासी पुष्कर दिनकर (41) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

वह ज्वेलरी खरीदने-बेचने का बिजनेस करते हैं। पुणे से ज्वेलरी सौदे के लिए जयपुर आए थे। बुधवार दोपहर करीब 2 बजे वह पुणे वापस जाने के लिए फ्लाइट पकड़ने जयपुर एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट टी-2 पोर्च में सामान की चैकिंग के बाद उन्हें संभला दिया। अपने सामान को संभालने के बाद ज्वेलर पुष्कर दिनकर से बैग चेक किया। बैग में रखे 25 लाख रुपए के गहने गायब मिले।




एयरपोर्ट थाने जाकर पीड़ित ज्वेलर ने शिकायत दी। आरोप लगाया कि एयरपोर्ट पर चैकिंग के दौरान उसके बैग से गहने चोरी किए गए है। पुलिस ने शिकायत पर गहने चोरी का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की जांच के साथ एयरपोर्ट पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

**DRDO के अधिकारी पर जानलेवा हमला**

## रोका, गाली गलौज की और कड़े से पीटा

बेधड़क | जयपुर

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के अधिकारी पर कुछ युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया। उनके सिर पर कड़े से वार किए, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई है।



पीड़ित की शिकायत पर नाहरगढ़ थाने में एफआईआर दर्ज की गई। डीआरडीओ के अधिकारी विजेंद्र मीणा ने बताया-18 जुलाई को रात 11 बजे अपने चचेरे भाई को दिल्ली जाने के लिए ऑटो स्टैंड पर छोड़ने गया था। इसी दौरान घर के नजदीक नाहरगढ़ पैलेस होटल के सामने बाबा कैफे के बाहर दीवार पर एक व्यक्ति बैठकर सिगरेट पी रहा था। उसने रास्ते में जाते समय रोककर गाली गलौज की। इस पर पीड़ित ने ध्यान नहीं दिया। वो आगे निकल गया। जब पीड़ित वापस लौटा तो उस युवक ने रोका। मुंह पर सिगरेट का धुआं छोड़ने के साथ ही गाली निकाली। मना किया आरोपी ने कैफे के अंदर बैठे अपने अन्य साथियों को बुला कर हमला कर दिया। आरोपी ने हाथ में मोटा कड़ा पहन रखा था। उसी कड़े से पीड़ित के सिर पर वार किए। इससे गंभीर चोट आई। घटना के बाद परिवार के लोग भी मौके पर पहुंचे। इस पर बदमाश मौके से भाग छूटे। परिवार ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस को घटना की जानकारी दी। नाहरगढ़ थाना पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने सीसीटीवी फुटेज पुलिस को दी है। इस पर वारदात करने वाले 6 से ज्यादा बदमाश दिखाई दे रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज में कड़े से वार करता हुए बदमाश भी दिखाई दे रहा है। नाहरगढ़ थाने के हेड कॉन्स्टेबल गोपाल लाल ने बताया कि बदमाशों को चिह्नित कर लिया है। एफआईआर दर्ज हो चुकी है।

**प्रदेशभर में चक्का-जाम की चेतावनी**

# लेटर में खून से लिखी मांग-इस बार तो छात्रसंघ चुनाव करवाइए 'सरकार'

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में छात्र संघ चुनाव को लेकर शनिवार को राजस्थान यूनिवर्सिटी के छात्रों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को अपने खून से लेटर लिखे। उन्होंने इसमें प्रदेश में फिर से छात्र संघ चुनाव बहाल करने की मांग की। छात्रों ने कहा कि अगर अब भी सरकार नहीं मानी तो हम प्रदेशभर में सरकार का पुरजोर विरोध करेंगे।

किसी भी सूरत में पीछे नहीं हटेंगे। बल्कि, सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे। छात्रनेता महेश चौधरी ने कहा कि विधानसभा चुनाव के कारण पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार चुनाव नहीं करा सकी थी, लेकिन उन्होंने सरकार रिपीट होने के साथ ही छात्र संघ चुनाव कराने की बात कही थी। हालांकि, कांग्रेस सरकार रिपीट नहीं हुई। अब बीजेपी सरकार को छात्र संघ चुनाव कराने चाहिए। सरकार बकायदा एक महीने पहले नोटिफिकेशन जारी करते हुए लिंगदोह कमेटी की सिफारिशों के अनुसार चुनाव कराए।





### छात्र प्रतिनिधि लगातार कर रहे आंदोलन

छात्र प्रतिनिधि विजय पाल ने कहा कि रोष उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा के बयान से है। उसके बाद ही लगातार आंदोलन किए जा रहे हैं। उसका कारण भी यही है कि सरकार आखिर में ये न बोल दे कि उनसे छात्र संघ चुनाव कराए जाने की डिमांड नहीं की गई। जिस तरह से अपनी जायज मांग रखने पर छात्रों को पीटा गया है। उससे कई छात्रों के खून तक निकल गया। वैसे भी सरकार को खून चाहिए। इसलिए उन्हें अब खून से ही लेटर लिखकर छात्र संघ चुनाव बहाल करने की मांग की गई है। एनएसयूआई प्रवक्ता अमरदीप ने बताया कि ये लाल रंग इंकलाब और आह्वान का है। बीजेपी सरकार लाल रंग बहुत पसंद करती है। जिस तरह 18 जुलाई को छात्रों पर लाठियां भांजी गई किसी का हाथ टूटा, किसी का सिर फूटा, सड़कों पर खून गिरा, आज उसी खून के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर ये मांग कर रहे हैं कि छात्र संघ चुनाव बहाल करें।

### JNVU से आरयू पहुंचा अभियान

छात्र रक्त क्रांति अभियान लेकर जयनारायण व्यास यूनिवर्सिटी से राजस्थान विश्वविद्यालय पहुंचे छात्र नेता ज्ञानोदया चौधरी ने कहा कि छात्रों को मजबूरन छात्र रक्त क्रांति की शुरुआत करनी पड़ी। छात्र अपने अमूल्य रक्त से मुख्यमंत्री के नाम चिट्ठी लिख रहे हैं। इस क्रांति की शुरुआत जोधपुर जयनारायण व्यास यूनिवर्सिटी से हुई। अब राजस्थान विश्वविद्यालय के छात्रों ने भी खून से मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है।

## जरूरी खबर

### जोधपुर के पत्रकारों को मिला आधुनिक 'प्रेस क्लब'



**जोधपुर।** सरदारपुरा स्थित गांधी मैदान में जोधपुर प्रेस क्लब कार्यालय का शनिवार को विधिवत उद्घाटन किया गया। महंत रामप्रसाद महाराज के सान्निध्य में केंद्रीय पर्यटन व संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी, नगर निगम दक्षिण की महापौर वनिता सेठ व भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र सालेचा ने फीता काटकर कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। जोधपुर प्रेस क्लब का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गणपति पूजन किया गया। इसके बाद अतिथियों के सम्मान में समारोह आयोजित हुआ।

### ताइक्वाण्डो प्रतियोगिता का समापन

**धौलपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय धौलपुर में चल रही तीन दिवसीय संभाग स्तरीय ताइक्वाण्डो प्रतियोगिता का समापन शनिवार को हुआ। इसमें राजस्थान, हरियाणा एवं दिल्ली के उदयपुर कलस्टर, करनाल कलस्टर एवं जयपुर कलस्टर की 13 टीमों के 80 ताइक्वाण्डो खिलाड़ियों ने भाग लिया। समारोह में विद्यालय प्राचार्य अर्चना सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित किया। कार्यक्रम प्रभारी तमन्ना रजक ने बताया कि तीन दिवसीय ताइक्वाण्डो प्रतियोगिता में 13 टीमों के 80 खिलाड़ी ने भाग लिया।

### जेएनवी विवि में परीक्षा आवेदन 22 जुलाई से



**जोधपुर।** जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय एवं संभाग के जोधपुर, पाली, जालोर, बाड़मेर और जैसलमेर जिलों के संबद्ध सभी महाविद्यालयों के नियमित एवं स्वयंपाठी स्नातक एवं स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर के विभिन्न परीक्षाओं के आवेदन 22 जुलाई से ऑनलाइन शुरू होंगे और 27 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। पचास रुपए विलंब शुल्क के साथ 30 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। जेएनवीयू के कला, शिक्षा एवं समाज विज्ञान संकाय में संचालित फाइन आर्ट्स एण्ड पेंटिंग विभाग के चार वर्षीय स्नातक स्तरीय नए पाठ्यक्रम बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 22 जुलाई तक बढ़ाई गई है।

---

**ठाकुरजी की एक झलक पाने के लिए उमड़ा भक्तों को सैलाब... 6 किमी का सफर तय करने में लगे 12 घंटे**

# जानकी मैया को ब्याहकर लौटे भगवान जगन्नाथ

बेधड़क | अलवर

भगवान जगन्नाथ शनिवार अलसुबह जानकी मैया से विवाह के बाद सुभाष चौक मंदिर लौटे। शुक्रवार की शाम रूपबास से रथ में सवार होकर भगवान जगन्नाथ और जानकी मैया मंदिर रवाना हुए थे। इस दौरान रास्ते में पड़ने वाले करीब 50 मंदिरों में पूजा अर्चना की गई।

करीब 6 किलोमीटर के इस सफर में 12 घंटे से अधिक का समय लग गया। रथ यात्रा में सवार मनमोहक छवि को देखने के लिए शहरवासी ने अपने पलक पांवड़े बिछाए। एक झलक पाने के लिए श्रद्धालु आतुर रहे। हाथ जोड़कर प्रणाम कर श्रद्धालुओं ने मन्नतें मांगी। रूपबास से लेकर सुभाष चौक मंदिर तक रोड के दोनों ओर श्रद्धालुओं का सैलाब रथ देखने के लिए उमड़ा हुआ था। इस दौरान रास्ते में श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न प्रकार की प्याऊ, भंडारे आदि सामाजिक संस्थाओं के लोगों द्वारा लगाए गए। वहीं बच्चों के खिलौनों की दुकानें, झूले आदि इन्हीं मार्गों पर लगाए गए थे।



### हर साल उमड़ता है श्रद्धा का जनसैलाब

अलवर शहर में यह मेला बड़े पैमाने पर भरता है। भगवान जगन्नाथ सुभाष चौक मंदिर से पहले रूपबास मंदिर पहुंचते हैं। इसके बाद वहां जानकी और जगन्नाथ की वरमाला के बाद सभी हिंदू संस्कार के साथ शादी होती है। इसके हजारों श्रद्धालु साक्षी बनते हैं। प्रतिमाओं की वरमाला कराई जाती हैं। विवाह के बाद भगवान जानकी मैया को लेकर अपने साथ लौटते हैं। उन्हें देखने के लिए श्रद्धा का जनसैलाब हर साल उमड़ता हैं।



### 270 साल पुराना हैं मंदिर

जिला मुख्यालय पर पुराने कटले में ही स्थित हैं भगवान जगन्नाथ का अनुमानत: 270 वर्ष पुराना मंदिर। यहीं वह स्थान हैं जहां प्रतिवर्ष आषाढ शुक्ला नवमी से त्रयोदशी तक रथयात्रा महोत्सव का आयोजन होता है। भगवान जगन्नाथ की यह रथ यात्रा उड़ीसा के जगन्नाथपुरी की भांति उनकी बारात का स्वरूप होता है।



---

**प्रतापनगर थाना क्षेत्र के देबारी हाईवे की सर्विस लेन में हुआ हादसा**

# देबारी में ट्रेलर ने पांच कारों दो बाइक और बस को रौंदा

■ दो घंटे तक हाईवे जाम, एक-दूसरे से चिपक गए वाहन, क्रेनों से हटवाए

बेधड़क | उदयपुर

प्रतापनगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम भीषण सड़क हादसा हुआ। देबारी हाईवे की सर्विस लेन पर हुए हादसे में एक ट्रेलर ने पांच कारों, दो बाइक और एक बस को चपेट में ले लिया।

हादसे की गंभीरता इस बात से समझी जा सकती है कि ट्रेलर अनियंत्रित होकर करीब 8 वाहनों को टक्कर मारते हुए दीवार से जा टकराया। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का एमबी अस्पताल में इलाज चल रहा है। दुर्घटना के बाद मौके पर दो घंटे तक जाम लगा रहा। क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाया गया।

देबारी उप सरपंच चंदन सिंह देवड़ा ने बताया कि जिंक चौराहा के पास हाईवे पर चल रहे निर्माण कार्य के दौरान सर्विसलेन पर ट्रैफिक का डायवर्जन कर दिया गया था। इसी दौरान चद्दरों के रोल से लदा ट्रेलर डबोक की तरफ जाते समय अनियंत्रित हो गया और आगे धीरे-धीरे चल रहे वाहनों को चपेट में ले लिया।

हादसे में खेमली निवासी चौखाराम डांगी (69), भल्लों का गुड़ा निवासी रोशनलाल गायरी (40) और भैंसड़ा कला निवासी किरण मेघवाल (40) गंभीर रूप से घायल हो गए। चौखाराम की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। हादसे के बाद प्रतापनगर से लेकर देबारी तक करीब 2 घंटे तक लंबा जाम लगा रहा। हादसा इतना भीषण था कि दुर्घटनाग्रस्त पांचों कार टक्कर लगने के बाद एक के ऊपर एक बुरी तरह पिचक गईं। इस बीच दो बाइक भी उसकी चपेट में आ गईं। ट्रेलर ने बस को भी चपेट में लिया, लेकिन बस को ज्यादा क्षति नहीं पहुंची। कारों में सवार लोगों को बमुश्किल बाहर निकाला गया।



### ट्रेलर के हो गए थे ब्रेक फेल

पुलिस ने बताया कि तेज रफ्तार ट्रेलर के ब्रेक फेल हो गए थे। ऐसे में ट्रेलर आगे चल रहे वाहनों को एक के बाद चपेट में लेता गया। ट्रेलर के टकराते ही उसके पीछे चल रहा ऑटो भी अनियंत्रित हो गया और उसने भी एक महिला को टक्कर मार दी। हादसे के बाद आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई और ट्रैफिक जाम हो गया। राहगीरों और दुकानदारों की मदद से घायलों को तुरंत एमबी अस्पताल पहुंचाया गया।

### दो घंटे तक लगा रहा जाम

सूचना पर प्रतापनगर थानाधिकारी भरत योगी जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस जाब्ते ने दो हाइड्रोलिक क्रेनों को बुलवाया। पहले ट्रेलर को हटाया गया। इसके बाद हाईवे पर दुर्घटनाग्रस्त पांचों कारों को हटाकर एक तरफ रखवाया गया। इसमें करीब दो घंटे से भी अधिक का वक्त लगा। जाम में फंसे पर्यटक-शहरवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। दो घंटे बाद जाम खुला तब भी एक घंटे बाद तक वाहन रेंगते रहे।



### हादसे के बीच ऑटो बेकाबू, महिला घायल

ट्रेलर के टकराते ही उसके पीछे चल रहा ऑटो भी अनियंत्रित हो गया और उसने भी एक महिला को टक्कर मार दी। हादसे के बाद आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई और ट्रैफिक जाम हो गया। राहगीरों और दुकानदारों की मदद से घायलों को तुरंत एमबी अस्पताल पहुंचाया गया।

### कार-ट्रक भिड़ंत में महिला की मौत, दो गंभीर घायल



बूंदी। जिले से गुजर रहे राष्ट्रीय राजमार्ग पर नैनवा व उनियारा के बीच कचरावता गांव के पास बीती रात एक कार और ट्रक के बीच भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार महिला की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। उनियारा थाने के हेड कांस्टेबल जयनारायण ने बताया कि हादसे में परविंदर सिंह (25) और अनुपमा (24) गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि कुशमा (58) की मौत हो गई। हादसे के दौरान वहां से गुजर रही रोडवेज बस के चालक ने घायलों को नैनवा उप जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बाद में उन्हें हालत गंभीर होने के चलते कोटा रैफर कर दिया।

### बाइकों में भिड़ंत में दोनों बाइक चालकों की मौत

**बूंदी।** जिले के देईखेड़ा थाना इलाके से होकर गुजर रहे कोटा-दौसा मेगा हाईवे पर शनिवार दोपहर को बाइकों में भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक चालकों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक गोहाटा निवासी राजू केवट अपनी पत्नी नटी बाई के साथ लाखेरी की ओर जा रहा था, वहीं लबान निवासी परमानंद मीणा लाखेरी से लबान आ रहा था। इसी दौरान लबान रेलवे स्टेशन के समीप गोशाला के सामने दोनों बाइकों में आमने सामने जबरदस्त भिंड़त हो गई। हादसे में राजू और परमानंद की मौत हो गई, वहीं महिला घायल हो गई, जिसे कोटा रेफर किया गया।

---

**बूंदी थाना पुलिस कर रही जांच**

# महिला पुलिसकर्मी ने 2 कांस्टेबलों के खिलाफ दर्ज कराया रेप का केस

बेधड़क | बूंदी

पुलिस के दो जवानों ने खाकी को दागदार कर दिया। एक महिला कांस्टेबल ने दो कांस्टेबलों पर रेप के आरोप लगाते हुए महिला थाना में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद बूंदी पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है।

आरोपी कांस्टेबल में से एक कांस्टेबल वर्तमान में प्रतिनियुक्ति पर भरतपुर रेंज में कार्यरत है जबकि दूसरा आरोपी कांस्टेबल बूंदी जिले के रायथल थाने में पोस्टेड है। रेप का आरोप लगाने वाली महिला कांस्टेबल भी बूंदी पुलिस में ही कार्यरत है। महिला थानाधिकारी आशामिन बानो ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है जैसे-जैसे तथ्य सामने आएंगे उस पर कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि बूंदी एसपी हनुमान प्रसाद मीणा के चैंबर में एक महिला कांस्टेबल ने प्रस्तुत होकर एक रिपोर्ट दी थी। एसपी ने कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।



### 5 साल रेप करता रहा कांस्टेबल

रिपोर्ट में महिला कांस्टेबल ने बताया कि साल 2018 में चुनाव ड्यूटी के दौरान बूंदी पुलिस में कार्यरत कांस्टेबल कोमल ने उसके नंबर लिए और चैटिंग करना शुरू कर दी। इसी दौरान दोनों की मुलाकात होती रही। इस बीच कोमल ने फायदा उठाकर महिला कांस्टेबल को बहला-फुसला लिया और उसके साथ एक होटल में रेप की वारदात को अंजाम दिया।

### धमकी देकर दूसरे कांस्टेबल ने किया रेप

2018 से लेकर 2023 तक कांस्टेबल कोमल महिला के साथ दुष्कर्म करता रहा। इसी बीच दूसरे कांस्टेबल बाबूलाल को भी दोनों के बीच संबंध की जानकारी हुई तो उसने कांस्टेबल कोमल और पीड़िता महिला कांस्टेबल को उसके साथ संबंध बनाने का दबाव डाला और संबंध नहीं बनाने पर उसके पति को उसके संबंधों के बारे में बताने की धमकी दे डाली। इस पर पीड़िता सहम गई और उससे कांस्टेबल बाबूलाल ने भी यौन संबंध बना लिए। ऐसे कर दोनों ही कांस्टेबल रेप की वारदात को अंजाम देते रहे। साल 2023 में कांस्टेबल कोमल भरतपुर रेंज में प्रतिनियुक्ति पर चला गया था। इसके बाद कांस्टेबल बाबूलाल ही महिला कांस्टेबल के साथ रेप करता था। परेशान होकर पीड़िता ने आपबीती अपने पति को बताई तो मामले का खुलासा हुआ। पति पीड़िता को लेकर एसपी ऑफिस पहुंचा और मामले में परिवाद सौंपा।

## बॉर्डर से तारबंदी चोरी!

**बाड़मेर।** जिले में बॉर्डर के इलाके से बड़ी खबर सामने आई है। जिले के धनाऊ थाना क्षेत्र में स्थित भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सरहद पर लगभग 20 फीट तक तारबंदी को असमाजिक तत्व काट कर ले गए। इस घटना की भनक लगते ही सीमा सुरक्षा बल, खुफिया और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। बॉर्डर पर जवानों ने पाकिस्तान की करीब साढ़े तीन सौ बकरियों के एक झुंड को पकड़ा है। सरहद की हिफाजत में मुस्तैद बीएसएफ ने निगरानी को बढ़ा दिया है। जिले धनाऊ थाना इलाके के भारत-पाक बॉर्डर की तारबंदी काटने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि पाकिस्तान से सैकड़ों की संख्या में बकरियों के एक झुंड जो कि देश की सरहद में घुस गया था, जिसे बीएसएफ के जवानों ने पकड़ लिया। तारबंदी काटने की एक रिपोर्ट भी धनाऊ थाने में दर्ज करवाई है। बताया जा रहा है कि अज्ञात लोगों ने करीब 20 फीट लंबी तारबंदी काटी है।

---

**फायर एनओसी की एवज में ले रहा था 15 हजार की रिश्वत**

# फायर ब्रिगेड अधिकारी को 10 हजार रुपए की घूस लेते रंगे हाथों पकड़ा

बेधड़क | भरतपुर

जिले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने नगर निगम भरतपुर के फायर ब्रिगेड अधिकारी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि परिवादी से उनसे 15 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। इसके बाद परिवादी ने एसीबी से इसकी शिकायत की थी।

एसीबी के एडिशनल एसपी अमित चौधरी के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में अधिकारी 10 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया है। एसीबी के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके द्वारा स्थापित किए जा रहे पेट्रोल पंप की फायर एनओसी जारी करने की एवज में आरोपी नगर निगम भरतपुर में तैनात अरुण कुमार जाट अग्निशमन अधिकारी ने 15 हजार रुपए रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है। इसके बाद भरतपुर उपमहानिरीक्षक पुलिस कालूराम रावत के सुपरवीजन में एसीबी भरतपुर इकाई साथ ही एएसपी अमित सिंह के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया गया। एसीबी टीम ने शनिवार को अरुण कुमार जाट को ट्रैप किया गया और परिवादी से 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। एसीबी की कार्रवाई के दौरान अग्निशमन कार्यालय में हड़कंप मच गया।



### आरोपी से पूछताछ जारी

एडिशनल एसपी अमित सिंह का कहना है कि अभी आरोपी से पूछताछ की जा रही है और आगे कार्रवाई की जाएगी। हालांकि आरोपी द्वारा अपनी पहचान गुप्त रखने की बात कही थी। इसके बाद एसीबी द्वारा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम जांच किया जाएगा।

### तकनीकी सहायक 20 हजार की घूस लेते गिरफ्तार

**नागौर।** एसीबी की नागौर इकाई द्वारा शनिवार को कार्यवाही करते हुए अजमेर डिस्कॉम के तकनीकी सहायक ग्रेड प्रथम, जयप्रकाश को परिवादी से 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की नागौर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि थ्री फेस कनेक्शन की फाइल पास करवाने की एवज में जयप्रकाश तकनीकी सहायक ग्रेड-प्रथम, कार्यालय सहायक अभियंता कनिष्ठ अभियंता, अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, कुचेरा, जिला नागौर द्वारा 30 हजार रुपए रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है। इस पर एसीबी, अजमेर के उप महानिरीक्षक पुलिस रणधीर सिंह के सुपरवीजन में एसीबी नागौर इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कल्पना सोलंकी के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया। पुलिस निरीक्षक तेजराम एवं उनकी टीम द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी जयप्रकाश को परिवादी से 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ एवं कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।



चाइल्ड राइट्स एंड यू के 'पूरी पढ़ाई, देश की भलाई' अभियान के तहत आयोजन

# बेटियों की पूरी शिक्षा के समर्थन में हेरिटेज इमारतें रोशन

**बेधड़क** | जयपुर

शाम होते ही राजधानी के ऐतिहासिक स्थल हवा महल, अल्बर्ट हॉल और जंतर मंतर पीले रंग की रोशनी से जगमगा उठे। कार्यक्रम था चाइल्ड राइट्स एंड यू (क्राई) संस्था द्वारा पूरी पढ़ाई देश की भलाई अभियान के तहत बेटियों की शिक्षा के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने का। अभियान के तहत 21 जुलाई को भी यह रोशनी रहेगी। पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का मकसद बेटियों की शिक्षा पर ध्यान आकर्षित करना है। यह क्राई का सात हफ्ते लंबे अभियान का हिस्सा है। क्राई का यह राष्ट्रीय अभियान 24 जून को शुरू



किया गया था। गौरतलब है कि ताजा आंकड़ों के अनुसार भारत में सिर्फ पांच में से तीन लड़कियां ही 12वीं तक पढ़ाई पूरी कर पाती हैं। गरीबी, रीति-रिवाज और स्कूलों की कमी जैसी समस्याएं लड़कियों की पढ़ाई में बाधा डालती हैं। बेटियों का 12वीं तक पढ़ाना जरूरी इससे पूर्व पिंकसिटी प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता के दौरान क्राई की क्षेत्रीय निदेशक (उत्तर) और कार्यक्रम विभाग की निदेशक सोहा मोइत्राने कहा कि बेटियों का 12वीं तक पढ़ना बहुत जरूरी है। इससे वे आगे बढ़ सकेंगी और देश का विकास होगा। जहां भारत के कई हिस्सों में बालिका शिक्षा एक गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है, वहीं इस महत्वपूर्ण मुद्दे को समर्थन देने के लिए हमारे राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उपयोग करना एक शक्तिशाली संदेश भेजता है। उन्होंने आगे कहा कि हमें सरकार और समाज दोनों की मदद चाहिए। बाल विवाह रोकने के लिए कड़े कानून लागू करने होंगे। सबसे जरूरी है कि हम लोगों को बेटियों की शिक्षा के बारे में जागरूक करें। जयपुर के इन मशहूर स्थलों को रोशन करके, हम इस मुद्दे पर ध्यान खींचना चाहते हैं। हमें उम्मीद है कि इससे न सिर्फ राजस्थान में, बल्कि पूरे भारत में बदलाव आएगा।

## 15 अगस्त तक चलेगा अभियान




अल्बर्ट हॉल के अधीक्षक, मोहम्मद आरिफ ने कहा कि लड़कियों की पूरी शिक्षा के लिए क्राई कि यह पहल सराहनीय है। इस अभियान को मजबूती देने के लिए जयपुर के धरोहर स्थलों को रोशनी से जगमगाना इस कार्य को और मजबूती देगा। जैसे यह पुराने स्मारक मजबूती से खड़े हैं, वैसे ही हम चाहते हैं कि हमारी लड़कियां भी शिक्षा में आगे बढ़ें। हवा महल एवं जंतर मंतर की अधीक्षक सरोजनी चंचलानी ने क्राई एवं सहयोगी संस्थान डेवलपमेंट इनिशिएटिव सोसाइटी, जयपुर की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि रविवार को भी हेरिटेज स्थल पर समाज को शिक्षा के महत्व एवं इसके प्रभाव के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से पीले रंग की रोशनी की जाएगी। क्राई का 'पूरी पढ़ाई, देश की भलाई' अभियान 15 अगस्त तक चलेगा। अभियान का लक्ष्य है कि ज्यादा से ज्यादा लड़कियां स्कूल जाएं और 12वीं तक पढ़ाई पूरी करें। क्राई इस उद्देश्य में परिवारों, शिक्षकों, समाज के लोगों, सरकारी अधिकारियों, छात्रों, मीडिया, कंपनियों और आम जनता को शामिल कर रही है।

**Yuva स्टोरीज**

## राज्यपाल ने बच्चों से संवाद किया, पढ़ने की सामग्री वितरित की



**बेधड़क** | जयपुर

राज्यपाल कलराज मिश्र ने शनिवार को लखनऊ में प्राथमिक विद्यालय, सगामऊ में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ अभियान की शुरुआत की। उन्होंने विद्यालय के बच्चों से संवाद कर उन्हें अधिकाधिक पेड़ लगाने और खूब पढ़कर जीवन में निरंतर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को पुस्तकें और पढ़ने की सामग्री भी वितरित की।

RSSSC प्रतियोगी (मुख्य) परीक्षा-2023

## 84% से अधिक अभ्यर्थियों ने आजमाया भाग्य

**एजेंसी** | जयपुर



राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं, संयुक्त प्रतियोगी (मुख्य) परीक्षा, 2023 का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा के प्रथम दिन शनिवार, 20 जुलाई 2024 को प्रथम पारी- प्रातः 09 बजे से दोपहर 12 बजे, द्वितीय पारी- दोपहर 3 बजे से सांय 6 बजे तक जयपुर शहर के 42 केन्द्रों पर हुआ। जिसमें कुल 11 हजार 12 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) श्रीमती सुमन पंवार ने बताया कि जयपुर शहर के केन्द्रों पर पहली पारी में आयोजित सामान्य अध्ययन-प्रथम परीक्षा में 85.75 फीसदी से अधिक अभ्यर्थियों ने अपनी मेहनत एवं किस्मत को आजमाया। जयपुर में कुल पंजीकृत 11 हजार 12 अभ्यर्थियों में से 9 हजार 443 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। वहीं, 1 हजार 569 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित पाए गए। उन्होंने बताया कि दूसरी पारी में आयोजित सामान्य अध्ययन-द्वितीय परीक्षा में जयपुर शहर के केन्द्रों पर 84.99 फीसदी से अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। दूसरी पारी में 9 हजार 360 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। वहीं, 1 हजार 652 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित पाए गए। रविवार, 21 जुलाई 2024 को भी प्रथम पारी में सामान्य अध्ययन-तृतीय एवं द्वितीय पारी में सामान्य हिन्दी एवं सामान्य इंग्लिश की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

SRN इन्टरनेशनल स्कूल में फ्रांसिसी राष्ट्रीय दिवस मनाया

# प्रतियोगिता और फैशन शो से जीवंत की फ्रांस की संस्कृति



**बेधड़क** | जयपुर

विद्यार्थियों को फ्रांस की समृद्ध संस्कृति और भाषा को समझाने के लिए SRN इन्टरनेशनल स्कूल जगतपुरा में एसआरएन मां विमला देवी ऑडिटोरियम में फ्रांसिसी दिवस समारोह पर एक जीवंत और शैक्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें अलग- अलग कक्षाओं के छात्रों ने प्रसिद्ध फांसीसी स्थलों के मॉडल बनाए। मुख्य आकर्षण ग्रेड आठवीं के लिए एफिल टॉवर प्रतिकृति प्रतियोगिता थी, जिसमें छात्रों ने प्रतिष्ठित संरचना के अपने संस्करणों के निर्माण के लिए प्लास्टिक के स्ट्रॉ और कार्ड बोर्ड का उपयोग किया। कक्षा- छठी से नौवीं के छात्रों ने फैशन शो में भाग लिया, जिसमें वेशभूषा को फ्रांस के अलग-अलग युग के अनुसार दर्शाया गया।





### छात्रों के लिए यादगार अनुभव

स्कूल डायरेक्टर उषा शर्मा ने कार्यकम के हिस्सा बने सभी विद्यार्थियों की प्रशंशा करते हुए कहा कि फ्रांसिसी दिवस समारोह एक शानदार सफलता है। इस समारोह ने छात्रों को सुनियोजित और निष्पादित गतिविधियों के माध्यम से फ्रांसिसी संस्कृति भाषा और परंपराओं में खुद को विसर्जित करने का एक अनूठा अवसर दिया। इस आयोजन ने न केवल शिक्षित किया, बल्कि मनोरंजन भी किया। इससे छात्रों को फ्रांस के लिए एक यादगार अनुभव और अधिक प्रशंसा मिली। उन्होंने फ्रेंच क्लब के शिक्षको और छात्रों को बधाई दी और कहा कि उनकी कड़ी मेहनत और उत्साह ने हमारे स्कूल में फ्रांसिसी संस्कृति के सार को जीवंत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### भाषा कौशल के अभ्यास में मिली मदद

फ्रांसिसी क्रांति पर एक शासन लेने वाला अधिनियम था, जिसे छात्रों ने बेहतरीन अभिनय कौशल के साथ नाटक में प्रस्तुत किया। इस गतिविधि ने उन्हें अपने फ्रांसिसी भाषा कौशल का अभ्यास करने में मदद की सभी गतिविधियों ने छात्रों के बीच फांसीसी संस्कृति और भाषा की गहरी समझ को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## व्यावसायिक-शिक्षा ऋण योजना में कल से कर सकेंगे आवेदन

**जयपुर**। व्यावसायिक/शिक्षा ऋण योजना के तहत अल्पसंख्यक समुदाय के पात्र एवं इच्छुक आवेदक 22 जुलाई से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अभिषेक सिद्ध ने बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय (मुस्लिम, सिख, जैन, ईसाई, बौद्ध पारसी) के पात्र आवेदक व्यावसायिक/शिक्षा ऋण योजना के तहत आवेदक विभागीय वेबसाइट www.milannmdfc.org पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्तियों के लिए व्यावसायिक/शिक्षा योजना के तहत पात्रता एवं योग्यता संबंधी संपूर्ण जानकारी प्राप्त करने के लिए कार्यालय के दूरभाष नंबर 0141-2785723 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

राजस्थान पुलिस सेवा नियम में संशोधन

## ओबीसी के लिए आयु सीमा में 5 साल की छूट का प्रावधान यथावत



**एजेंसी** | जयपुर

राजस्थान पुलिस सेवा नियम में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 5 वर्ष की छूट यथावत है। अधिसूचना जारी करते समय 5 वर्ष की छूट का प्रावधान भूलवश दो स्थानों पर अंकित हो जाने पर इसे संशोधित कर एक स्थान से हटाया गया है। इससे राजस्थान पुलिस सेवा नियमों में ओबीसी के लिए आयु की छूट पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा। कार्मिक विभाग के संयुक्त शासन सचिव दिनेश शर्मा ने बताया कि कार्मिक विभाग की अधिसूचना 13 नवम्बर 1996 द्वारा राजस्थान पुलिस सेवा नियम, 1954 में ओबीसी वर्ग को ऊपरी आयु सीमा में प्रथम बार दो वर्ष की छूट प्रदान की गई थी। इसके पश्चात अधिसूचना 25 मई 2000 द्वारा आयु सीमा में 05 वर्ष की अभिवृद्धि का प्रावधान जोड़ा गया था। उन्होंने बताया कि 16 अप्रेल 2021 को अधिसूचना जारी कर विविध सेवा नियमों में संशोधन के समान ही राजस्थान पुलिस सेवा नियम, 1954 में भी ओबीसी वर्ग के लिए बीसी अंकित कर ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट का प्रावधान जोड दिया गया। परन्तु अधिसूचना जारी करते समय ओबीसी वर्ग के लिए ऊपरी आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट का प्रावधान नियम 11 (1) के परंतुक (iii) एवं परन्तुक (xvii) दोनों में विद्यमान रह गया। संयुक्त शासन सचिव ने बताया कि परन्तुक (xvii) को विलोपित किये जाने के लिए राजस्थान पुलिस सेवा नियम, 1954 में संशोधन किया गया है।

## डीपीएस की छात्र-परिषद को शपथ ग्रहण करवाई

**एजेंसी** | जयपुर



दिल्ली पब्लिक स्कूल में क्लास 12 के स्टूडेंट्स के नवनिर्वाचित छात्र-परिषद के सदस्यों का शनिवार को पद ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप-प्रज्वलन के बाद गीत-गायन से हुई। प्रिंसिपल डॉ. ऋचा प्रकाश घोष ने हेड बॉय मेधांश दत्त, हेड गर्ल करिश्मा लांबा, प्रेसिडेंट अवलोकित सिंह, सांस्कृतिक कप्तान, स्पोर्ट्स कप्तान, आर्ट कप्तान और 6 सदनों के कप्तानों को छात्र-परिषद का उत्तरदायित्व सौंप कर उन्हें शपथ ग्रहण कराई। कार्यक्र में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया। समारोह में स्कूल की सीनियर हेडमिस्ट्रेस अंजना स्वामी और डीन स्टूडेंट वेलफेयर फैजल खान भी उपस्थित रहे। अंत में राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

**अवसर** | क्विज-ए-थॉन-2 के लिए 10 अगस्त तक किए जा सकते हैं आवेदन

# आर-कैट के लिए 5 तकनीकों के 20 नए पाठ्यक्रमों को मिली मंजूरी

**बेधड़क** | जयपुर

सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग की शासन सचिव आरती डोगरा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार युवाओं को ग्लोबल सर्टिफिकेशन के साथ उन्नत और उभरते तकनीकी क्षेत्र में प्रशिक्षण का अवसर दे रही है। विभाग द्वारा संचालित राजस्थान सेंटर ऑफ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी (आर-कैट) द्वारा क्विज-ए-थॉन परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। डोगरा राजस्थान सेंटर ऑफ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी (आर-कैट) की राज्य स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। बैठक में जीआईएस, सेल्सफोर्स, डिजिटल मार्केटिंग, डेवऑप्स और मशीन लर्निंग सहित 5 विभिन्न तकनीकों के 20 नए पाठ्यक्रमों को मंजूरी दी गई। इनमें से 8 पाठ्यक्रमों को 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति के लिए मंजूरी दी गई।




### इंटर्नशिप कार्यक्रमों को भी मंजूरी

बैठक में क्लाउड कंप्यूटिंग, पायथन और डेवऑप्स डिजिटल मार्केटिंग के क्षेत्र में नए इंटर्नशिप कार्यक्रमों को भी मंजूरी दी गई। इंटर्नशिप पाठ्यक्रमों के लिए शुल्क 10 हजार रुपए से घटाकर 5 हजार रुपए करने को सहमति दी गई। साथ ही बैठक में साइबर सुरक्षा के एक पाठ्यक्रम में नए मॉड्यूल को शामिल कर इसके उन्नयन को भी मंजूरी दी गई। उल्लेखनीय है कि आर-कैट 15 उद्योग भागीदार कंपनियों के साथ एडवांस्ड फिनिशिंग स्कूल के रूप में काम कर रहा है। आर-कैट की ओर से क्विज-ए-थॉन के जरिए 5 बैच सफलतापूर्वक पूरे किए जा चुके हैं और वर्तमान में क्विज-ए-थॉन 2024-01 के लिए काउंसलिंग जारी है। साथ ही क्विज-ए-थॉन 2024-02 के लिए पंजीकरण खुले हैं, जिसके लिए 10 अगस्त तक आवेदन किए जा सकते हैं। क्विज-ए-थॉन के माध्यम से डबल्यूएमवेयर, एसएएस, ऑटोफिना, ऑरेकल, रेडहैट और माइक्रोसॉफ्ट जैसी कई प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा आधुनिक तकनीक के पाठ्यक्रमों में 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति पाने का अवसर दिया जा रहा है।



### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में सचिव और अध्यक्ष आर-कैट सुश्री आरती डोगरा, आयुक्त और एमडी, आर-कैट श्री इंद्रजीत सिंह, कार्यकारी निदेशक, आर-कैट श्रीमती ज्योति लुहाड़िया, निदेशक (टी), आरआईएसएल श्री अनिल सिंह, संयुक्त सचिव, वित्त एक्स.-तृतीय श्री एजाज नबी खान और मुख्य लेखा अधिकारी श्रीमती पूनम चौधरी उपस्थित थे।



पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी

## कानपुर के बेहटा बुजुर्ग गांव में हैं वर्षा की भविष्यवाणी करने वाले भगवान जगन्नाथ

# मंदिर जहां पानी की बूंदें टपककर देती हैं मानसून आने का संकेत

**शाश्वत सनातन**

*कहीं कोई दरार नहीं। छत एकदम सही। इसके बाद भी भरी गर्मी में छत से बूंदें टपकने लगे और जैसे ही बरसात होने लगे बंद हो जाएं। नमी भी एकदम सुख जाए। आज के युग में यह असंभव लगता है ना, लेकिन यह हकीकत है। ऐसा होता है यूपी में कानपुर से 36 किलोमीटर दूर बेहटा बुजुर्ग गांव के जगन्नाथ मंदिर में। कहते हैं कि ये बूंदें मानसून के आने का संकेत देती हैं। इनकी मोटाई मानसून के हल्के, भारी होने की ओर इशारा करती हैं। इस मंदिर से की जाने वाली मानसून की भविष्यवाणी के आधार पर ही क्षेत्र के किसान फसल की बुआई करते हैं। मंदिर में भगवान जगन्नाथ, भाई बलराम और बहन सुभद्रा की काले पत्थर की मूर्तियां हैं। मंदिर में मानसून आने के पहले पानी टपकने लगता है, परंतु बारिश के दौरान एक भी बूंद पानी नहीं आता है, यह किसी अजूबे से कम नहीं है।*







### इस बार भी पहले ही दे दिए मानसून के संकेत!

हजारों साल पुराने भगवान जगन्नाथ के इस मंदिर ने हमेशा की तरह इस बार भी मानसून के आने के संकेत पहले ही दे दिए हैं। मंदिर में भगवान सूर्य देव और पद्मनाभ की भी मूर्तियां विराजित हैं। पुरी की तरह ही यहां भी भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जाती है। मंदिर की छत से भीषण गर्मी में भी बारिश और मानसून से एक सप्ताह पहले ही पानी की बूंदें टपकने लगती है। चट्टानें और दीवारें भीगने लगते हैं। इस संकेत को समझकर किसान अपने खेतों को जोतने के लिए निकल जाते हैं। यह भी आश्चर्यजनक है कि जैसे ही बारिश शुरू होती है, मंदिर की छत और दीवारें सूख जाती हैं। खास बात यह है की मंदिर की छत से जिस आकार की बूंदे टपकती हैं, उसी आधार पर उतनी ही बारिश भी होती है।

### 14 फुट मोटी हैं मंदिर की दीवारें

मंदिर की दीवारें 14 फुट मोटी हैं। पुरातत्व विभाग के अनुसार यह 11वीं शताब्दी का मंदिर है। इसका बाह्य आकार रथनुमा है जो 12 खम्भों पर है। शिखर पर अष्टधातु का सुदर्शन चक्र है और चक्र के चारों ओर मोर की आकृतियां हैं। मंदिर का भीतरी हिस्सा 700 वर्ग फीट का है, जिसके सामने प्राचीन कुआं और तालाब है। मंदिर के मोर और चक्र के अनुसार इसे चक्रवर्ती सम्राट हर्षवर्धन के काल का भी माना जाता है। मंदिर के द्वार पर स्थापित अयाग पट्ट को देखकर इसे 2000 वर्ष पूर्व की संस्कृति से भी जोड़ा जाता है। आसपास के लोगों का कहना है कि हर साल जब जून की शुरुआत होती है या मई का आखरी हफ्ता होता है, उस समय इस मंदिर की छत से बूंदें टपकने लगती हैं, जबकि छत में कहीं भी कोई निशान नहीं है। कहीं कोई दरार नहीं है। मंदिर चारों तरफ से बंद है। मंदिर में एक ही दरवाजा है। गुंबद में कोई नाली और गड्ढा भी नहीं है जो माना जाए कि ऊपर पानी भरने से टपकता हो।



### पुजारियों की भविष्यवाणी पर बुवाई करते हैं किसान

मंदिर के पुजारी इन बूंदों का आकार देखकर भविष्यवाणी करते हैं कि इस बार मॉनसून कैसा होगा। आसपास के लोग भी उनकी बात को पूरी तरह से मानते हैं। गांव के किसान पूरी शिद्दत से पुजारियों की भविष्यवाणी स्वीकार करते हैं और उसी हिसाब से मानसून का अंदाजा लगा कर अपनी फसलों की बुवाई भी करते हैं। गांव में बना यह मंदिर पुरातत्व विभाग के संरक्षण में है, जिसका यहां बोर्ड भी लगाया गया है।

**लघु कहानी**

## 'राजा बेटा' की नानी को श्रद्धांजलि



नेहा माथुर, जयपुर

बात उस समय की है जब मैं शादी के बाद पहली बार उदयपुर अपने पति के ननिहाल गई। शाम को हम सब किचन के बाहर बैठे थे, तभी एक तोता आया और नानी जी के सिर पर बैठ गया। मेरे लिए तो ये आश्चर्य की बात थी, लेकिन सब लोगों ने उससे बातें करना शुरू कर दिया। नानी बोली- 'अरे आ गया मेरा राजा बेटा।' ...और फिर उसके लिए किचन से मूंगफली लेने चली गई। वो भी तब तक उनके सिर पर ही बैठा रहा। जब खाने को मिला तब नीचे उतरा और खा पी कर मेरे सिर पर आकर बैठ गया। सब लोग बहुत खुश हुए कि नई बहू का भी स्वागत कर रहा है और थोड़ी देर में उड़ गया। ये उसके रोज का नियम था। वो रोज आता और सीधे नानी के सिर पर ही बैठता या फिर बाहर खाना नहीं मिलता तो किचन में मूंगफली के डिब्बे पर। मुझे भी ये सब बहुत अच्छा लगता था। नानी उसे प्यार से कई नामों से बुलाती थी। कुछ



समय बाद नानी अचानक गिर गई और उनकी तबीयत खराब रहने लगी। तोता भी अब कभी, आता कभी नहीं। थोड़े दिन बाद तो उसने आना ही छोड़ दिया। सब लोग उसे बहुत याद करते। नानी की भी तबीयत खराब रहने लगी और एक दिन नानी चल बसी। किसी को ये समझ नहीं आया कि तोते को ऐसा क्या आभास हुआ कि उसने आना छोड़ दिया। नानी के जाने के बाद वो नहीं आया। अचानक उनके बाहरवें वाले दिन वो आया और सीधे किचन में लगी भोग की थाली के पास जाकर बैठ गया और उसमें से थोड़ा सा खाया और उड़ गया। शायद वो सच में उनका राजा बेटा था जो उनको श्रद्धांजलि देने आया था। उसके बाद वो फिर कभी वापस नहीं आया। शायद नानी के जाने का गम सबके साथ साथ उसको भी था जो उसने आखिरी दिन आकर जता दिया... नानी को अंतिम विदाई देकर।

**पुस्तक समीक्षा**


## 'अण्णाभाऊ की जिंदगी का संघर्ष और अदबी कारनामे



जाहिद खान
स्वतंत्र लेखक

हम अण्णा भाऊ साठे की पहचान एक लोक शाहीर की है, जिन्होंने 'स्टालिनग्राड' 'तेलंगणा' जैसे जोशीले पंवाड़े और तमाशे रचे। 'अकलेची गोष्ट', 'मौन जुलूस', 'माझी मुंबई', 'मुंबई कोणाची', 'शेटजीचे इलेक्शन' लोकनाट्य प्रस्तुत किए। दो सौ से ज्यादा लावणी लिखीं। भारतीय जन नाट्य संघ यानी इप्टा के देशव्यापी विस्तार में सक्रिय भूमिका निभाई। देश की आजादी के लिए संघर्ष किया और उसके बाद संयुक्त महाराष्ट्र आंदोलन से जुड़े। आजादी के पहले और आजादी के बाद जेल गए, यातनाएं सहीं।

अण्णा भाऊ की एक और बड़ी पहचान है, जिस पर बहुत कम बात होती है और वह है मराठी दलित साहित्य की नींव रखनेवाले रचनाकार की। जिन्होंने अपने साहित्य में दलित, वंचित, आदिवासी, घुमंतू जातियों-जनजातियों की पीड़ा, दुःख-दर्द, वंचनाओं और संघर्ष को अपनी आवाज दी। इतना विपुल लेखन होने के बावजूद, जिस तरह से अण्णा भाऊ साठे के साहित्य का मूल्यांकन होना चाहिए था, वह नहीं हुआ। मराठी साहित्य में भी वे विस्मृत और हाशिए पर ही रहे। मराठी साहित्य के प्रसिद्ध उपन्यासकार विश्वास पाटिल ने अण्णा भाऊ साठे के व्यक्तित्व और कृतित्व को ध्यान में रखकर, साल 2021 में मराठी में एक विस्तृत जीवनी 'अण्णाभाऊ की दर्दभरी दास्तान' लिखी थी। अब यह जीवनी हिंदी में भी आ गई है। मराठी जबान से किताब का हिन्दी अनुवाद सुरेश माहेश्वरी ने किया है। जीवनी को लेखक ने तीस अध्यायों में बांटा है, तो वही दो परिशिष्ट भी जोड़े हैं। किताब में न सिर्फ अण्णा भाऊ साठे की संघर्षमय जिंदगी उभरकर सामने आई है, बल्कि लेखक ने उनकी प्रमुख साहित्यिक रचनाओं उपन्यास और कहानियों की विस्तृत विवेचना की है।




*किताब समीक्षा : दलित और स्त्री-जगत के श्रेष्ठ क़लमवीर अण्णा भाऊ साठे*
*लेखक: विश्वास पाटिल*
*हिन्दी अनुवाद: सुरेश माहेश्वरी*
*प्रकाशक: वाणी प्रकाशन, दरियागंज, नई दिल्ली-110002*
*कुल पृष्ठ: 360*
*मूल्य: 595 रुपए*

**शब्दों की सीख**

## वर्षायोग का समय

### *श्रमणों के लिए साधना का श्रावकों के लिए श्रवण का अर्थात् स्वाध्याय का*



भागचंद जैन मित्रपुरा
अध्यक्ष, अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, जयपुर।

जैन मुनि, साधु संत वर्षाऋतु में वर्षायोग की स्थापना कर एक ही स्थान पर रुक कर धर्म साधना करते है। साधु संत चातुर्मास की स्थापना आषाढ़ शुक्ल चतुर्दशी को करते है । विशेष परिस्थितियों में श्रावण कृष्ण पंचमी तक भी स्थापना की जाती है एवं कार्तिक कृष्ण 14 को वर्षायोग निष्ठापन होता है। पंडित आशाधर जी ने अनगार धर्मामृत में उल्लेख किया है की साधु, संत, मुनि प्रत्याख्यान ग्रहण करने के बाद आषाढ़ शुक्ल चतुर्दशी की रात्रि के प्रथम प्रहर में चारों दिशाओं में प्रदक्षिणा क्रम में लघुभक्ति चार बार पढ़कर सिद्ध भक्ति , योगी भक्ति, पंच गुरु भक्ति और शांति भक्ति करते हुए आचार्य द्वारा साधुओं को वर्षायोग धारण करवाया जाता है एवं कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी की रात्रि के पिछले प्रहर में इसी विधि से वर्षायोग का निष्ठापन किया जाता है। साधुओं को मूलाचार के अनुसार वर्षायोग की जिनाज्ञा है।

अहिंसा परमो धरमः,परस्परोपग्रह जीवानाम के पथ पर विचरण जैन धर्म के पंच महाव्रत/अणुव्रत सिद्धांत में अहिंसा का सर्वोपरि स्थान है। यद्यपि किसी भी धर्म में हिंसा का कोई स्थान नहीं है क्योंकि - जीवों और जीने दो - धर्म का मूल होता है। तथापि जैन साधु, धर्मावलंबी अहिंसा के सूक्ष्मतम रूप की पालना करने में यत्नशील रहते है। इसी परिप्रेक्ष्य में मुनिराज बरसात में विहार नही करते है। वर्षा के कारण चारो ओर भूमि वनस्पति से भर जाती है, विहार से हरितकाय वनस्पति का विघात हो सकता है। कायिक वनस्पति बहुलता में उग जाती है, जिससे छोटे छोटे जीव- जंतु, कीड़े मकोड़े की बहुतायत हो जाती है। ये जीव बहुत सूक्ष्म होते है, जिन्हे नग्न आंखों से नहीं देखा जा सकता है । आशय जीवों को किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुंचे, इसी भावना से जैन मुनि अपने विहार को नियंत्रित करते है। जैन धर्म में अहिंसा धर्म की सूक्ष्मता के साथ पालना की जाती है । जैन साधु गण चार हाथ जमीन देखकर इर्यापथ शुद्धि पूर्वक पद विहार करते है। दूसरी ओर वर्षा ऋतु के आगमन में साधुओं का विहार निरापद नहीं रहता है। वर्षा ऋतु में नदी नाले बहते रहते है । विहार के बीच में बरसात होने पर, ठहरने की जगह नहीं मिलने पर, स्थिति विकट हो सकती है। सामान्य दिनों में जैन साधु किसी गांव में एक दिन एवं नगर में पांच दिन तक प्रवास कर सकते है। आषाढ़ शुक्ल 14 को प्रतिष्ठापन से प्रारंभ होकर यह वर्षायोग निष्ठापन दिवस कार्तिक शुक्ल 14 तक चलता है।

साधु संत वर्षायोग की स्थापना लगभग चार माह के लिए एक स्थान पर करते है। वर्षायोग में सभी को धर्म धारण करने का पावन सुयोग मिलता है। धर्म पालन श्रमण एवं श्रावक दोनो के लिए उपयोगी है। संत एक स्थान पर रुक कर ज्ञान, ध्यान, तप, त्याग और साधना में लीन हो जाते है।



संत तपश्चर्या के माध्यम से मन को एकाग्र कर आत्मस्थ रहते है। साधु 28, उपाध्याय 25 एवं आचार्य 36 मूलगुणों का पालन करते हुए रहते हुए धर्म आराधना करते हुए साधना में लीन रहते है।

उनकी शारीरिक एवं मानसिक साधना विकार का कारण नहीं अपितु अंतरंग विकार रहित स्थिति को प्रकट करती है। बिना किसी प्रयोजन के कार्यों से दूर रहकर धर्म प्रभावनार्थ जीव हिंसा से बचते है। साधु, संत विशेषरुप से दिगंबर मुनि भौतिकवादी एवं भोग की ओर बढ़ते लोगो के बीच परिग्रह का त्याग कर वीतराग मुद्रा में रहकर, विषम परिस्थितियों में भी साम्यभाव धारण करते है एवं हम सभी को क्रियाओं के माध्यम से भी अनुकरणीय संदेश देते है। श्रावक मुनियों, आर्यिकाओ आदि चतुर्विध संघ के निकट रहकर वैयावृति और मन, वचन, काय शुद्धि से आहार दान देकर सत्फल को प्राप्त करते है। धर्म का मर्म समझने के लिए, ज्ञान प्राप्ति के लिए शास्त्रों की सूक्ष्म, गहन तथा जटिलताओं को समझने एवं सुलझाने के लिए गुरु शरण में आकर धर्म का सही मार्ग दर्शन प्राप्त करते है।

जैन समाज में सामंजस्य स्थापित करने एवम एकता के लिए वर्षायोग एक सुफल पारगमन अवधि होती है। समाज में व्याप्त परस्पर वैमनस्य, बैर, दुर्भावना, मनमुटाव, कलुषता आदि दूर करने में उपयोगिता हो सकती है। इस दौरान गुरु पूर्णिमा, वीर शासन जयंती, रक्षा बंधन, सोलह कारण, दस लक्षण धर्म, सुगंध दशमी, क्षमावाणी, महावीर निर्वाण, अष्टांहिका आदि पर्वों में साधु संतों का सानिध्य प्राप्त होता है। जैन धर्म विघटन की ओर है। शिथिलता श्रावको में घर कर चुका है।

चारों ओर दिखावा ही दिखावा देखकर सभी खुश हो रहे होते है। इस स्थिति से उबरने के लिए मुनीराजों का चातुर्मास समाज को नई ऊर्जा प्रदान कर सकता है। पुरातन महत्व के धर्म स्थल एवं तीर्थ क्षेत्रों के संरक्षण पर भी इस दौरान समाज को जागृत किया जा सकता है। वर्तमान में चातुर्मास हेतु मुनीसंघ को श्रीफल भेंट करने की परंपरा है। साधु संतो का अधिकार एवं स्वविवेक है कि उन्हें वर्षा योग किस स्थान पर करना है श्रावकों का आग्रह या दुराग्रह कोई अर्थ नहीं रखता है। कोई भी श्रावक गण, ट्रस्ट कमेटियां अपने पंथ के अनुसार जैन संतो के आगमन एवं विहार को रोक नहीं सकती है। जैन संत आचार्य, उपाध्याय एवं सर्वसाधु पंच परमेष्ठि में से तीन परमेष्ठि की श्रेणी में आते है। श्रावकगण देव, शास्त्र एवं गुरु की आराधना नियमित रूप से करते है। वर्षयोग करने वाले साधु संत गुरु की श्रेणी में आते है। सर्वदा पूजनीय होते है। चूंकि वर्षायोग काल लगभग चार माह का होता है अत चातुर्मास के नाम से भी जाना जाता है। अन्य धर्मों में वर्षायोग को चतुर्मास ही कहा जाता है। हिंदू धर्म में चातुर्मास वह समयकाल होता है जब भगवान विष्णु योग निद्रा में चले जाते हैं। बौद्ध धर्म में भी चातुर्मास का विशेष महत्व माना गया है। बौद्ध धर्म के अनुयायी भी चातुर्मास की 4 महीने की अवधि में कई तरह के नियमों का पालन करते हैं। बौद्ध साधु-संत, ज्ञान की प्राप्ति के लिए एक ही स्थान पर रहकर आराधना करते हैं।

### महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव को लेकर राकांपा (एसपी) प्रमुख ने कहा- जनता के सामने विकल्प पेश करेगा एमवीए

# हमारी पार्टी की स्ट्राइक रेट सबसे ज्यादा, पर मिलकर लड़ेंगे चुनाव: पवार

**एजेंसी** | पुणे

राकांपा(एसपी) अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि महाविकास अघाड़ी गठबंधन में हमारा स्ट्राइक रेट सबसे ज्यादा है। लोकसभा चुनाव में पार्टी ने 10 में आठ सीटों पर जीत हासिल की है। मगर हमारी पार्टी इस तरह की रैंकिंग में भरोसा नहीं करती। उन्होंने सत्तारूढ़ महायुति सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव भी गठबंधन के दल मिलकर लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के लोगों को एक विकल्प प्रदान किया जाएगा। पवार ने कहा कि लोकसभा चुनाव में महाविकास अघाड़ी गठबंधन (एमवीए) का प्रदर्शन शानदार रहा। एमवीए ने राज्य में 48 में से 30 सीटें जीतीं। विधानसभा चुनाव में जो भी मुद्दे हमारे सामने आएंगे, उन्हें हम मिलकर हल करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जिन्होंने हमारे लिए काम किया, उनके हितों की रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है। महायुति सरकार ने लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं किया। हम विधानसभा में वापसी करना चाहते हैं।



शनिवार को पुणे में शिरूर के सांसद अमोल कोल्हे के आवास के बाहर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने राज्य की महायुति सरकार पर लोगों की समस्याएं नहीं सुनने का आरोप लगाया।

### हर दल मांगता है अधिक सीटें

सीट बंटवारे को लेकर पवार ने कहा कि हर दल अधिक से अधिक सीटों की मांग करता है। मगर महत्वपूर्ण यह है कि हम उन सीटों पर चुनाव लड़ें जो हम जीत सकते हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने एक सीट जीती, जबकि राकांपा ने चार सीटों पर जीत हासिल की थी। पांच साल बाद महाराष्ट्र के लोगों ने गठबंधन को 31 सीटें दी हैं।

### चुनाव चिह्न पर आयोग के फैसले का स्वागत

महाराष्ट्र चुनाव आयोग के तुरहा चुनाव चिह्न हटाने के आदेश को लेकर उन्होंने कहा कि आयोग के फैसले का स्वागत करता हूं। लेकिन यह फैसला महाराष्ट्र तक ही सीमित है। उम्मीद है इसे राष्ट्रीय स्तर पर लागू किया जाएगा। बता दें कि लोकसभा चुनाव के बाद एनसीपी ने एक जैसे दिखने वाले तुरहा और तुरही चिह्न को हटाने की चुनाव आयोग से मांग की थी। वहीं विधानसभा चुनाव को लेकर एनसीपी ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत एनसीपी ने सत्ताधारी महायुति के काले कामों पर एक पुस्तक का विमोचन किया है। साथ ही राज्यव्यापी घोषणा पत्र के तहत काम शुरू कर दिया है।

### सरकार चलाने में विफल रही भाजपा: नाना पटोले

महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने शनिवार को पूछा कि सत्तारूढ़ पार्टी पहले यह बताए कि उन्होंने सत्ता में रहते हुए क्या किया। उन्होंने कहा कि वे महाराष्ट्र में सरकार चलाने में विफल रहे हैं। पटोले ने मुंबई में पत्रकारों से बातचीत के दौरान मतदाताओं के पंजीकरण में हेराफेरी को लेकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले पर निशाना साधा। बावनकुले ने राज्य की चुनाव प्रक्रिया में बड़ी साजिश का आरोप लगाया था और मतों के हेराफेरी में फंसे अधिकारियों पर कार्रवाई का अनुरोध किया।

### बांसुरी स्वराज की जीत को हाई कोर्ट में चुनौती



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली लोकसभा सीट से चुनाव जीतने वाली भाजपा नेता बांसुरी स्वराज की जीत को आप नेता सोमनाथ भारती ने एक याचिका दायर कर हाई कोर्ट में चुनौती दी है। भारती, बांसुरी के खिलाफ यह चुनाव हार गए थे। भारती की याचिका पर 22 जुलाई को सुनवाई होगी। भारती ने कथित भ्रष्ट आचरण के आधार पर बांसुरी स्वराज के चुनाव को चुनौती दी है। याचिका में कहा गया है कि 25 मई 2024 को आयोजित लोकसभा चुनाव के दौरान बांसुरी स्वराज, उनके चुनाव एजेंट और अन्य व्यक्तियों द्वारा संसदीय क्षेत्र में भ्रष्ट आचरण का प्रदर्शन किया गया।

### शहीद दिवस: अखिलेश-ममता आज एक मंच पर

**कोलकाता।** समाजवादी पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव 21 जुलाई को पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ राजनैतिक मंच पर मौजूद रहेंगे। हर साल की तरह इस साल भी 21 जुलाई को धर्मतल्ला में तृणमूल की ओर से 'शहीद दिवस' का आयोजन किया गया है। टीएमसी नेता कुणाल घोष ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक वह रविवार सुबह विमान से कोलकाता आएंगे। सूत्रों के मुताबिक, इस दौरान शिवसेना (यूबीटी) के प्रतिनिधि भी शामिल हो सकते हैं। शहीद दिवस के मंच पर अखिलेश और उद्धव ठाकरे के प्रतिनिधियों की मौजूदगी राजनीतिक लिहाज से काफी अहम मानी जा रही है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि शहीद दिवस रैली में राज्य में तृणमूल की चुनावी जीत का जश्न मनाया जाएगा।

### सीएम केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने किया आप की गारंटी का ऐलान

# 5 गारंटी से हरियाणा जीतने की तैयारी... महिलाओं को हर माह मिलेंगे 1,000 रुपए

**एजेंसी** | चंडीगढ़

आम आदमी पार्टी (आप) ने हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस ली है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने शनिवार को पंचकूला में हरियाणा के लिए पार्टी की ओर से पांच गारंटी की घोषणा कर पार्टी के चुनाव अभियान का आगाज किया। इन गारंटियों को केजरीवाल की गारंटी नाम दिया गया है। इसमें राज्य में 24 घंटे मुफ्त बिजली और इलाज के साथ हर महीने महिलाओं को हजार रुपए देने के साथ युवाओं से रोजगार का वादा शामिल है। हरियाणा में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं और आम आदमी पार्टी राज्य की सभी 90 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। सुनीता ने केजरीवाल पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की मौजूदगी में पांच गारंटियों का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने केजरीवाल को जेल में नहीं डाला, उन्होंने हरियाणा के लाल को जेल में डाला है। पीएम मोदी कहते हैं कि अरविंद केजरीवाल चोर हैं अगर अरविंद केजरीवाल चोर है तो इस दुनिया में कोई ईमानदार नहीं हो सकता।



### आप के वादे

- घरेलू इस्तेमाल के लिए मुफ्त बिजली,
- मोहल्ला क्लीनिक खोलने और मुफ्त चिकित्सा उपचार
- मुफ्त और अच्छी शिक्षा
- प्रत्येक महिला को हर माह मिलेंगे 1,000 रुपए
- युवाओं के लिए रोजगार का वादा

### बीजेपी पर साधा निशाना

सुनीता केजरीवाल ने कहा कि अरविंद केजरीवाल का जन्म 16 अगस्त 1968 को हुआ था। जिस दिन उनका जन्म हुआ था, उस दिन जन्माष्टमी थी। भगवान उनसे कुछ बड़ा करवाना चाहते थे। इसलिए हरियाणा में पैदा हुए अरविंद केजरीवाल ने अपनी पार्टी बनाई और पहले चुनाव में ही मुख्यमंत्री बन गए। उन्होंने दिल्ली और पंजाब में सरकारी स्कूल अच्छे कर दिए। लोगों को मुफ्त बिजली मिल रही है। मोहल्ला क्लीनिक में लोगों का मुफ्त इलाज हो रह है। उन्होंने कहा, अरविंद केजरीवाल ने पूरी दुनिया में हरियाणा का नाम रोशन किया है। अब हरियाणा वाले अपने बेटे अरविंद केजरीवाल का साथ देंगे। तीन महीने बाद हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान यहां के लोग केजरीवाल का साथ देंगे और भाजपा को एक भी सीट नहीं देंगे।

### हरियाणा में आप की सरकार बनाएं: संजय सिंह

संजय सिंह ने लोगों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि आप हरियाणा में अपनी सरकार बनाएं। उन्होंने अल्पकालिक सैन्य भर्ती से जुड़ी 'अग्निपथ योजना' समेत कई मुद्दों को लेकर राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। सिंह ने भाजपा पर लोगों से केवल झूठे और खोखले वादे करने का आरोप लगाया।

### सभी सीटों पर लड़ेंगे चुनाव

संजय सिंह ने कहा कि आप पहले ही कह चुकी है कि वह हरियाणा की सभी 90 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी। इस साल के अंत में हरियाणा विधानसभा का चुनाव होना है।




### सीएम मान ने गिनाया पंजाब मॉडल

सीएम मान ने कहा कि पीएम मोदी ने केजरीवाल को जेल में नहीं डाला, उन्होंने हरियाणा के लाल को जेल में डाला है। सीएम भगवंत मान ने शासन के पंजाब मॉडल का लगातार जिक्र किया। उन्होंने राज्य में जारी योजनाओं का उल्लेख किया।

### संसद का बजट सत्र कल से

# जारी रह सकते हैं विपक्ष के तीखे तेवर, सर्वदलीय बैठक आज

**एजेंसी** | नई दिल्ली

संसद का आगामी बजट सत्र 22 जुलाई से शुरू होने जा रहा है और इसके 12 अगस्त तक चलने की संभावना है। यह मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का दूसरा संसद सत्र है और इसलिए केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा और केंद्र सरकार कई स्तरों पर इसे लेकर तैयारी कर रही है। वहीं संसद के पहले सत्र में नजर आए विपक्ष के तीखे तेवर बजट सत्र में भी थमने के आसार नहीं है। विपक्ष ने सरकार को नीट पेपर लीक और रेलवे सुरक्षा के मुद्दे पर घेरने की तैयारी की है। हालांकि सरकार ने सदन को सुचारू रूप से चलाने के लिए रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। जहां वह संसद के दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए सभी विपक्षी दलों से सहयोग की अपील करेगी। इस मानसून सत्र में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को आर्थिक सर्वेक्षण और मंगलवार को केंद्रीय बजट पेश करेंगीं। इसके अलावा इस सत्र में केंद्र के अधीन जम्मू कश्मीर के लिए भी बजट को मंजूरी दी जाएगी। इस सत्र में वित्त विधेयक, आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, बॉयलर विधेयक, कॉफी (संवर्धन और विकास) विधेयक, रबर (संवर्धन और विकास) विधेयक, भारतीय वायुयान विधेयक को सरकार लाएगी। इसके अलावा सरकार बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 और अन्य कानूनों जैसे बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 और बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1980 में संशोधन के प्रस्ताव लाएगी।

### नहीं करें नारेबाजी

संसद के सोमवार से शुरू हो रहे बजट सत्र से पहले सांसदों को याद दिलाया गया है कि सभापति के निर्णयों की सदन के अंदर या बाहर सीधे तौर पर या परोक्ष रूप से आलोचना नहीं की जानी चाहिए और सदस्यों को वंदे मातरम व जय हिंद सहित अन्य नारे नहीं लगाने चाहिए। सदस्यों को यह भी याद दिलाया गया है कि सदन में तख्तियां लेकर प्रदर्शन करना अनुचित है। राज्यसभा सचिवालय ने राज्यसभा सदस्यों के लिए पुस्तिका के कुछ अंश 15 जुलाई को अपने बुलेटिन में प्रकाशित कर संसदीय परंपराओं और संसदीय शिष्टाचार के प्रति सदस्यों का ध्यान आकृष्ट किया है।

### एक देश... एक चुनाव का किया समर्थन

# जातीय गणना के पक्ष में चिराग, पर आशंकित भी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने राष्ट्रव्यापी जातीय जनगणना का समर्थन किया, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि अगर इसके आंकड़े सार्वजनिक किए गए तो समाज में विभाजन पैदा होगा।

उन्होंने कहा कि एक साथ चुनाव कराने और समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के बारे में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में अभी तक कोई चर्चा नहीं हुई है। एक साथ चुनाव कराने और यूसीसी लागू करने के मुद्दे भाजपा के घोषणा पत्र में शामिल हैं।

### मसौदा सामने आने पर ही यूसीसी पर तय होगा रुख

चिराग ने शनिवार को कहा कि जब तक समान नागरिक संहिता पर मसौदा उनके सामने नहीं रखा जाता, तब तक वह कोई रुख नहीं अपना सकते। क्योंकि बहुत सारी चिंताएं हैं...भारत विविधताओं वाला देश है। उन्होंने कहा, चाहे भाषा हो, संस्कृति हो या जीवनशैली, देश के अलग-अलग क्षेत्रों में सब कुछ अलग है। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी को एक छतरी के नीचे कैसे ला सकते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, हालांकि, यूसीसी पर बहस में अक्सर हिंदू-मुस्लिम मुद्दे पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। लेकिन यह हिंदुओं के बारे में भी है, क्योंकि उनकी प्रथाएं और परंपराएं, जिनमें विवाह से संबंधित चीजें भी शामिल हैं, देश भर में अलग-अलग हैं। हालांकि, उन्होंने जोर देकर कहा कि उनकी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) 'एक राष्ट्र , एक चुनाव' का पुरजोर समर्थन करती है।



### कर्नाटक: भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर गरमाई सियासत

# सिद्धारमैया की लोकायुक्त को शिकायत

■ भाजपा ने मांगा इस्तीफा

**एजेंसी** | बेंगलुरु

कर्नाटक में कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर राजनीतिक लड़ाई तेज हो गई है। मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) घोटाले को लेकर कर्नाटक में भाजपा लगातार कांग्रेस सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रही है और उसने मुख्यमंत्री सिद्दारमैया का इस्तीफा मांगा है। वहीं, भाजपा नेता एनआर रमेश ने सीएम सिद्धारमैया और अन्य के खिलाफ लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है , जिसमें एमयूडीए घोटाले की जांच की मांग की गई है। सूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) घोटाले को लेकर कर्नाटक में राजनीति गरमा गई है। भाजपा ने शनिवार को राज्य सरकार को चेतावनी दी है कि अगर एमयूडीए मामले को उजागर करने वाले आरटीआई कार्यकर्ताओं में सीएम सिद्धारमैया की कथित भूमिका पाई गई तो वह विरोध करेगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र ने कहा,कांग्रेस द्वारा मैसूर पुलिस आयुक्त को दी गई शिकायत में नामित आरटीआई कार्यकर्ताओं को अगर किसी भी प्रकार का उत्पीड़न किया जाता है, तो कर्नाटक भाजपा इसका विरोध करेगी।



### कांग्रेस ने आरोपों को किया खारिज

मैसूरु जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बी.जे. विजयकुमार और कांग्रेस प्रवक्ता एम. लक्ष्मण ने शुक्रवार को मैसूरु शहर के पुलिस आयुक्त को एक ज्ञापन सौंपकर आरोप लगाया कि आरटीआई कार्यकर्ता गंगाराजू और स्नेहमयी कृष्णा सिद्धारमैया के खिलाफ झूठे आरोप लगा रहे हैं।

### झारखंड भाजपा: विस्तारित कार्यसमिति की बैठक में सीएम सोरेन पर बरसे शाह

# घट रही आदिवासियों की आबादी...घुसपैठियों को संरक्षण दे रहे CM सोरेन

**एजेंसी** | रांची

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को रांची में झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के अभियान का शंखनाद कर दिया। यहां आयोजित झारखंड भाजपा की विस्तारित कार्यसमिति की बैठक में शाह ने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए राज्य की मौजूदा हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकने और भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का आह्वान किया। उन्होंने झारखंड में बढ़ती घुसपैठ के लिए राज्य के सीएम हेमंत सोरेन को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि वे खुद को आदिवासी सीएम बताते हैं, लेकिन आदिवासियों की चिंता करने के बदले लैंड और लव जिहाद के जरिए उनकी जमीन लूटने वाले घुसपैठियों को संरक्षण दे रहे हैं। शाह ने कहा कि हजारों घुसपैठिए आदिवासी लड़कियों से शादी करते हैं, प्रमाण पत्र प्राप्त करते हैं और जमीन खरीदते हैं। आने वाले दिनों में आदिवासियों की आबादी कम होने वाली है, यह अब भी कम हुई है। आप भाजपा की सरकार बनाइए और हम श्वेत पत्र लाकर अपने आदिवासियों की भूमि, जनसांख्यिकी और आरक्षण को सुरक्षित करेंगे।




### सोरेन सरकार के भ्रष्टाचार की देंगे घर-घर जानकारी

शाह ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही झामुमो-कांग्रेस-राजद की सरकार देश की सबसे भ्रष्ट सरकार है। भाजपा के नेता-कार्यकर्ता घर-घर जाकर इस सरकार के भ्रष्टाचार, घोटाले और वादाखिलाफी का दस्तावेज पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि वे दीवार पर लिखी इबारत को पढ़ सकते हैं और कांग्रेस वालों को लिखकर रख लेना चाहिए कि इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार बन रही है।

### पराजय के बाद भी कांग्रेस को हुआ अहंकार

आगे शाह ने कहा, कई बार हम देखते हैं लोकतंत्र में विजय के बाद कई लोगों में अहंकार आ जाता है, झारखंड में भी अभी ऐसे कई लोग बैठे हैं, विजय के बाद अहंकारी हो गए हैं, परन्तु पराजय के बाद अहंकार आया हो, ऐसा मैं पहली बार देख रहा हूं। चुनाव के बाद देश में सरकार किसकी बनी, चुनाव कौन जीता? पर अहंकार कांग्रेस पार्टी को आया। संसद में आपने देखा होगा राहुल गांधी का कार्यकलाप, इतना अहंकार तो कोई दो तिहाई बहुमत से जीतने के बाद भी नहीं करता।'

### शाह ने राहुल गांधी से पूछा सवाल

शाह ने राहुल गांधी से इस अहंकार की वजह पूछते हुए कहा, हम लगातार तीसरी बार जीते हैं। लेकिन राहुल गांधी ऐसे नेता हैं जो हार को मानने के लिए भी तैयार नहीं हैं, मैं उनसे पूछना चाहूंगा भाई आप किस चीज का अहंकार पालकर बैठे हो। इस देश में 12 लाख करोड़ रुपए के घपले-घोटाले करने का अहंकार है, इस देश में परिवारवाद चलाने का अहंकार है, इस देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने का अहंकार है, इस देश में तुष्टीकरण करकर अन्याय करने का अहंकार है, आपको किस बात का अहंकार है?

### बर्बादी की तरफ बढ़ रहा झारखंड: शिवराज

इसी बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा, हम सबने देखा है कि झारखंड जिसे बनाया अटल बिहारी वाजपेयी ने और जिसे संवारा प्रधानमंत्री मोदी और जब-जब भाजपा की सरकार रही तब-तब हमारे मुख्यमंत्रियों ने...लेकिन आज झारखंड बर्बादी की ओर बढ़ रहा है। जेएमएम का मतलब है झारखंड मिटाओ मोर्चा। जेएमएम का मतलब है भू-माफिया, मर्डर माफिया और माइनिंग माफिया। आप मुझे बताइए, यहां बालू रेत मिल रही है क्या? रेत बाल्टियों में भरकर बेची जा रही है। गरीब आदमी के लिए घर बनाना मुश्किल हो गया है।

## जरूरी खबर

### पटरी से उतरे मालगाड़ी के डिब्बे यातायात बाधित

**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश के अमरोहा के कल्याणपुरा इलाके में एक मालगाड़ी के करीब 12 डिब्बे शनिवार को पटरी से उतर गए। इस हादसे से लखनऊ और दिल्ली के बीच रेल यातायात पर असर पड़ा है। इस रूट से गुजरने वाली कई ट्रेनों का आवागमन प्रभावित होने से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। मालगाड़ी गोंडा से गाजियाबाद जा रही थी। मौके पर अफरातफरी के हालात बन गए। हादसे की सूचना पर आरपीएफ, जीआरपी व रेलवे अफसरों के साथ ही सिविल पुलिस भी मौके पर आ पहुंची। बताया जा रहा है कि मालगाड़ी के दो कंटेनर में जहां केमिकल भरा था तो वहीं बाकी में अन्य सामान लदा था। हादसे के कारण अप व डाउन लाइन की ट्रेनें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। रेलवे ने दिल्ली व अंबाला रूट की ट्रेनों को बदले मार्ग से चलाने के आदेश दिए है।

### केरल: 14 वर्षीय लड़के में निपाह वायरस की पुष्टि




**मलप्पुरम (केरल)।** केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज ने शनिवार को मलप्पुरम जिले के 14 वर्षीय एक लड़के में निपाह संक्रमण की पुष्टि की। मीडिया से यहां बातचीत में जॉर्ज ने कहा कि पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान ने उस लड़के में संक्रमण की पुष्टि की है, जिसका फिलहाल एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। जॉर्ज ने कहा, पीड़ित को कोझिकोड के सरकारी मेडिकल कॉलेज में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। पीड़ित के संपर्क में आने वाले लोगों का पता लगाना शुरू किया गया है। उसके संपर्क में आने के कारण उच्च जोखिम वाले लोगों को पहले ही पृथक कर दिया गया है।

### केरल ने विदेश मामलों का प्रभारी नियुक्त किया

**तिरुअनंतपुरम।** केरल सरकार द्वारा वरिष्ठ महिला आईएएस अधिकारी के. वासुकी को विदेश मामलों का प्रभारी बनाया है। राज्य सरकार के इस फैसले पर भाजपा भड़क गई है। प्रदेश भाजपा ने शनिवार को आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री पिनराई विजयन केरल को एक अलग राष्ट्र बनाने की कोशिश कर रहे हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के. सुरेंद्रन ने एक्स पर लिखा कि मुख्यमंत्री पिनराई विजयन द्वारा केरल में एक आइएएस अधिकारी को 'विदेश सचिव' के रूप में नियुक्त करना एक स्पष्ट अतिक्रमण है। यह हमारे संविधान की संघीय सूची का उल्लंघन है।

## जलवायु शिखर सम्मेलन में शामिल हुए उपराष्ट्रपति धनखड़




*नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की ओर से आयोजित अंतरराष्ट्रीय जलवायु शिखर सम्मेलन में भाग लिया। उन्होंने सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित भी किया। इस अवसर पर प्रतिभागियों के साथ उपराष्ट्रपति धनखड़।*

### पूजा खेडकर की मां की हिरासत 22 तक बढ़ाई



**पुणे।** प्रशिक्षु आईएएस पूजा खेडकर और उनके परिवार की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। जमीनी विवाद के चलते पिस्तौल लहराने के मामले में गिरफ्तार की गईं पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर की पुलिस हिरासत को पुणे की न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट ने दो दिन बढ़ा दिया है। अब वे 22 जुलाई तक पुलिस हिरासत में रहेंगीं। उन्हें गत गुरुवार को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद कोर्ट ने 20 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेजा था। मनोरमा खेडकर के अधिवक्ता विजय जगताप ने बताया कि अदालत ने पुलिस हिरासत की अवधि दो दिन बढ़ा दी है। कोर्ट में हुई बहस के दौरान हमने कहा कि धारा 307 नहीं लगाई जाए, क्योंकि गोली चलाई नहीं गई है। शिकायतकर्ता ने 13 महीने बाद शिकायत की है।

## सुरक्षा एजेंसियों की बड़ी बैठक: सेना प्रमुख भी हुए शामिल

# 'कश्मीर मॉडल' से ही जम्मू में किया जाएगा आतंक का खात्मा

- व्यापक स्तर पर अभियान चलाने के निर्देश

**एजेंसी** | जम्मू

जम्मू संभाग में पिछले कुछ दिनों में बढ़ी आतंकी घटनाओं के मद्देनजर जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में शनिवार को सुरक्षा एजेंसियों की हुई उच्च स्तरीय बैठक में आतंकवाद पर काबू पाने की रणनीति बनाई गई। सुरक्षा ग्रिड को मजबूत करने के साथ ही सीमा पार से घुसपैठ की घटनाओं पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने फैसला किया गया। सिन्हा ने कहा कि सुरक्षा बलों ने जिस रणनीति से कश्मीर में आतंकवाद को नष्ट किया है, उसी मॉडल को सुरक्षा बल जम्मू में आतंकियों और उनके सहायक तंत्र के समूल नाश के लिए लागू कर रहे हैं। बैठक में सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी के अलावा बीएसएफ व सीआरपीएफ के महानिदेशक, जम्मू-कश्मीर के डीजीपी आरआर स्वैन समेत अन्य सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान उप राज्यपाल ने जम्मू संभाग में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करते हुए सेना, अर्धसैनिक बलों व जम्मू-कश्मीर पुलिस को समन्वय के साथ आतंकवाद निरोधक अभियान चलाने को कहा। इसके लिए सुनियोजित तरीके से बहुआयामी अभियान चलाने की हिदायत दी। साथ ही आतंकियों के मददगारों को चिह्नित कर उनके खिलाफ बड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उप राज्यपाल ने सभी सुरक्षा एजेंसियों को हिदायत दी कि इलाके से आतंकियों के सफाए के लिए व्यापक पैमाने पर अभियान चलाने की जरूरत है।



फाइल फोटो

### आतंकियों के पास मिली ऑस्ट्रियाई गन, सुरक्षा एजेंसियां हैरान

जम्मू-कश्मीर के केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर 18 जुलाई को मारे गए दो विदेशी आतंकियों के मिले हथियारों के जखीरों ने सुरक्षा एजेंसियां चिंतित हैं। सूत्रों ने कहा कि बरामद हथियारों में आस्ट्रिया में बनी स्टेयर एयूजी असॉल्ट राइफल भी शामिल है। आतंकियों के पास इस विदेशी गन को लेकर कई सवाल भी खड़े हो रहे हैं। आतंकियों के पास से पाए गए ये हथियार स्टेयर एयूजी (StG 77) ऑस्ट्रियाई सशस्त्र बलों द्वारा दिया गया नाम है। ऑस्ट्रियाई ने 1977 में स्टेयर एयूजी को अपनाया था। यह यह ऑस्ट्रियाई सेना को जारी की गई मानक असॉल्ट राइफल है। इस राइफल की बराबरी केवल इजरायली निर्मित टैवर असॉल्ट राइफल से ही की जा सकती है। आतंकवादी पहले से ही अमेरिका निर्मित एम-4 कार्बाइन राइफलों का उपयोग कर रहे हैं। इनमें से कई सुरक्षा बलों ने जम्मू क्षेत्र और कश्मीर दोनों में मारे गए आतंकवादियों से बरामद किए थे।



फाइल फोटो

### कठुआ व डोडा हमले पर विस्तृत मंथन

सूत्रों के अनुसार बैठक में कठुआ और डोडा में हुए आतंकी हमले पर विस्तृत चर्चा हुई। आतंकियों द्वारा हमला करने के लिए अपनाई जा रही रणनीति का विश्लेषण कर उसके तहत सुरक्षा ग्रिड मजबूत करने व जवाबी हमले की रणनीति बनाने पर चर्चा हुई। सभी सुरक्षा एजेंसियों को आपसी तालमेल बढ़ाने को कहा ताकि आतंकी हमलों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके। बताया गया कि पुलिस के साथ डोडा, कठुआ, उधमपुर, किश्तवाड़ सहित कश्मीर संभाग में बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है ताकि जंगलों में छिपे आतंकियों को खत्म किया जा सके। जम्मू संभाग के कठुआ में आठ जुलाई और डोडा में 15 जुलाई को हुए आतंकी हमलों में सेना के कैप्टन सहित नौ सेना जवान बलिदान हुए हैं।

### सेना प्रमुख का दूसरा दौरा

30 जून को सेना प्रमुख बनने के बाद जनरल उपेन्द्र द्विवेदी का जम्मू का यह दूसरा दौरा था। इससे पहले तीन जुलाई को उन्होंने पुंछ जिले का दौरा किया था। जहां सुरक्षा को लेकर एक बैठक की अध्यक्षता की थी।

### विदेशी हथियार, सुरक्षा बलों के लिए चुनौतियां

जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद से लड़ने वाले सुरक्षा बलों के सामने चुनौतियां बहुत हैं। इसलिए सुरक्षा बलों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले हथियार प्रणालियों, कवच-रोधी परिधान और अन्य उपकरणों की नियमित रूप से और लगातार समीक्षा की जाती है।

### खड़े हो रहे ये सवाल

इस बीच, आतंकियों के पास विदेशी हथियार मिलने से अब और ज्यादा चिंता का विषय बन गया है। ऐसे में सवाल खड़े हो रहे हैं कि क्या ये विदेशी हथियार पाकिस्तान सरकार की ओर से लेकर आतंकियों को बॉर्डर में घुसपैठ करने के लिए थमाए जा रहे हैं।

## ईडी की अवैध खनन मामले में कार्रवाई

# कांग्रेस MLA सुरेंद्र पंवार को किया गिरफ्तार, 29 तक ईडी की हिरासत में

- जुड़े हैं हरियाणा व राजस्थान में खनन के काम से

**एजेंसी** | नई दिल्ली/सोनीपत



प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को हरियाणा के कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार को अवैध खनन से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार कर लिया। पंवार को ईडी की टीम ने अंबाला की कोर्ट में पेश किया। अंबाला में जिला एवं सत्र न्यायाधीश कंचन माही की अदालत ने उन्हें 29 जुलाई तक ईडी की कस्टडी में भेज दिया।

महेंद्रगढ़ से कांग्रेस विधायक राव दान सिंह के परिसरों की तलाशी लेने के दो दिन बाद केंद्रीय एजेंसी ने पंवार की गिरफ्तारी की। पंवार सोनीपत से विधायक हैं और हरियाणा और राजस्थान में खनन का काम करते हैं। शनिवार सुबह उनके घर पहुंची ईडी की टीम ने उनके बेटे को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। यमुनानगर, सोनीपत और कई अन्य जिलों में अवैध खनन से संबंधित हरियाणा पुलिस द्वारा पिछले दिनों दर्ज की गई कई प्राथमिकी की ईडी जांच कर रही है। जनवरी में ईडी ने सोनीपत के सेक्टर 15 में पंवार के आवास और इंडियन नेशनल लोकदल के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह से जुड़े कई ठिकानों की तलाशी ली थी।

तलाशी के बाद ईडी ने 5 करोड़ रुपए नकद, विदेशी हथियार और 300 से अधिक कारतूस भी बरामद किए थे। ईडी सूत्रों के मुताबिक, पंवार के आवास से कथित मनी लॉन्ड्रिंग के संकेत देने वाले कई आपत्तिजनक दस्तावेज भी बरामद किए गए, जिसके बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

## कांग्रेस ने उठाए सवाल

# UPSC अध्यक्ष का इस्तीफा तो NTA प्रमुख क्यों बचे हुए हैं!

**एजेंसी** | नई दिल्ली

संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष मनोज सोनी के इस्तीफे को लेकर कांग्रेस ने दावा किया कि ऐसे कई लोग हैं, जिन्होंने व्यवस्था को दूषित किया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सवाल किया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के प्रमुख प्रदीप कुमार जोशी बचे क्यों हैं? यह स्पष्ट रूप से लग रहा था कि यूपीएससी के मौजूदा विवाद को देखते हुए सोनी को बाहर कर दिया जाएगा। रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि 2014 के बाद से सभी संवैधानिक निकायों की पवित्रता, प्रतिष्ठा, स्वायत्तता और पेशेवर दृष्टिकोण को बुरी तरह से नुकसान पहुंचाया गया है। रमेश ने लिखा कि नरेंद्र मोदी 2017 में गुजरात से अपने पसंदीदा 'शिक्षाविदों' में से एक को यूपीएससी सदस्य के रूप में ले आए। उन्हें 2023 में छह साल के कार्यकाल के लिए अध्यक्ष बना दिया।

## पेरिस ओलंपिक खेल 26 से

# खेल गांव पहुंची भारत की तीरंदाजी और नौकायन टीम

**एजेंसी** | नई दिल्ली




पेरिस ओलंपिक के लिए भारत की तीरंदाजी और नौकायन टीमें खेल गांव पहुंच गई हैं और खिलाड़ी खेलों के इस महासमर में अपना अभियान शुरू करने के लिए उत्सुक हैं। तीरंदाजी और नौकायन दल ने शुक्रवार को पेरिस खेल गांव में प्रवेश किया और अपनी अंतिम तैयारियों में जुटी भारतीय मेंस हॉकी टीम नीदरलैंड्स से खेल गांव पहुंचेगी। भारतीय दल के दल प्रमुख गगन नारंग ने शनिवार को यह जानकारी दी।

लंदन ओलंपिक 2012 के कांस्य पदक विजेता निशानेबाज नारंग ने कहा,मैं गुरुवार रात को पेरिस पहुंचा और मैंने भारतीय दल के लिए खेल गांव के अंदर इंतजामों का जायजा लिया। तीरंदाजी और नौकायन शुक्रवार को पहुंचने वाली पहली भारतीय टीम थीं। खिलाड़ी धीरे-धीरे खेल गांव में सहज हो रहे हैं। चानारंग ने कहा कि यहां काफी उत्साह का माहौल है और खिलाड़ी भी स्पर्धाओं के एरीना में कुछ 'गेम टाइम' चाहते हैं। हम सुनिश्चित करना चाहते हैं कि खिलाड़ियों को अपनी स्पर्धाएं शुरू करने से पहले वो सब कुछ मिले जिनकी उन्हें जरूरत है।

### तीरंदाजी में 6 भारतीय खिलाड़ी ले रहे हिस्सा

पेरिस ओलंपिक के लिए तीरंदाजी में इस बार 6 खिलाड़ी शामिल हैं। इनमें 3 पुरुष और तीन महिला खिलाड़ी शामिल हैं। भारत अब तक एक बार भी तीरंदाजी के किसी भी इवेंट में ओलंपिक में पदक जीतने में कामयाब नहीं हो सका है, लेकिन इस बार सभी को मेडल के आने की उम्मीद है।

### मुझसे अतिरिक्त उम्मीदें, इसलिए दबाव भी है: नीरज चोपड़ा

टोक्यो ओलंपिक के भाला फेंक में स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने इस बात को स्वीकार किया कि पेरिस ओलंपिक से पहले वह दबाव में हैं। नीरज पेरिस खेलों में जाने वाली 29 सदस्यीय भारतीय एथलेटिक्स टीम की अगुआई करेंगे। नीरज ने टोक्यो में इतिहास रचते हुए 87.58 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था और एक बार फिर उनसे 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन करने की उम्मीद रहेगी। नीरज ने कहा, इस बार चीजें अलग हैं क्योंकि मैं अपने खिताब का बचाव करने उतरूंगा। इस स्थिति का मुझे थोड़ा अनुभव है क्योंकि पिछले साल एशियाई खेलों में भी ऐसा हुआ था जहां मुझे 2018 का अपने खिताब का बचाव करना था। हालांकि, उसकी तुलना मैं ओलंपिक से नहीं कर सकता। तथ्य तो यह है कि मुझसे अतिरिक्त उम्मीदें हैं। यह पिछली बार से ज्यादा है। इसे दबाव के अलावा कुछ भी कहना असंभव है।

## माइक्रोसॉफ्ट आउटेज

# पटरी पर लौट रही है दुनिया भारत में हवाई सेवाएं सामान्य

**एजेंसी** | नई दिल्ली




माइक्रोसॉफ्ट आउटेज के कारण लगभग ठप हुई दुनिया शनिवार को पटरी पर लौटती दिखी। एयरलाइंस से लेकर स्वास्थ्य सेवा, बैंकिंग की ऑनलाइन सेवाएं सामान्य तरीके से काम कर रही हैं। हालांकि ब्रिटेन समेत कई देशों में एयरलाइन सेवाएं अभी भी सामान्य नहीं हुई हैं। भारतीय हवाईअड्डों पर विमान सेवाएं शनिवार सुबह तीन बजे से सामान्य रूप से शुरू हो गई हैं। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने शनिवार को कहा कि सामान्य स्थिति बहाल हो गई है। यात्रियों को अब समस्या का सामना नहीं करना पड़ रहा है। मंत्री ने कहा, माइक्रोसॉफ्ट की समस्या सुलझ गई है। पूरे देश में अब पहले की तरह शेड्यूल का पालन किया जा रहा है। डीजीसीए ने कहा है कि फ्लाइट संचालन फिर से सामान्य रूप से शुरू हो गया है। हालांकि देशभर के विभिन्न हवाईअड्डों पर यात्रियों को दूसरे दिन भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस बीच आईएएनएस के अनुसार एअर इंडिया ने शनिवार को कहा कि माइक्रोसॉफ्ट आउटरेज के कारण उसकी एक भी उड़ान रद्द नहीं की गई, केवल कुछ उड़ानों में देरी हुई।

## सिंगर मुक्ता चड्ढा के निर्देशन में जेकेके में आयोजित हुआ कार्यक्रम 'काफिला सुरों का'

# जयपुर की महिलाओं ने गुनगुनाए मोहम्मद रफी और मुकेश के नगमे

**बेधड़क.**जयपुर। जवाहर कला केन्द्र के रंगायन में मोहम्मद रफी और मुकेश के गाए गीतों का कार्यक्रम 'काफिला सुरों का' आयोजित किया गया। इस मौके पर शहर की 18 प्रबुद्ध महिलाओं ने बॉलीवुड के गोल्डन एरा के गीतों को अपनी आवाज़ में प्रस्तुत किया। इस दौरान रंगायन ऑडिटोरियम में हरे रंग की आभा से सराबोर रहा। कार्यक्रम की थीम सावन के महीने को ध्यान में रखकर ग्रीन रखी गई थी इसलिए सभी महिलाओं ने उसी के अनुरूप परिधान पहन रखे थे। कार्यक्रम की शुरूआत सरगम ग्रुप की महिलाओं द्वारा गाए समूह गीत 'सुख के सब साथी दुख में ना कोय' से हुई। इस मौके पर कार्यक्रम निदेशक मुक्ता चड्ढा ने भी अपने हुनर का प्रदर्शन किया। उन्होंने फिल्म काला बाजार में देवानंद पर फिल्माया गीत 'खोया खोया चांद खुला आसमां' गीत को दिलकश अंदाज में प्रस्तुत कर श्रोताओं की दाद बटोरी।




### इन गानों से महफिल को चढ़ाया परवान

कार्यक्रम के दौरान एकल और समूह गीतों की फेहरिस्त में अनुराधा माथुर, ममता झा, डॉ. राशि अग्रवाल, प्रिया बोथरा, कामिनी मुगलानी, संध्या असवाल, प्रियंका शर्मा, भावना कश्यप, निशा शर्मा, रितु श्रीवास्तव, पूनम जैन, गायत्री स्वामी, संतोष भाटी, इला कुलश्रेष्ठ, मीरा सक्सेना, मालती सिंह और रेणु माथुर अपनी मधुर आवाज़ से संगीत की इस महफिल को परवान चढ़ाया।

### महिलाओं ने प्रस्तुत किए ये गीत

जाउं कहां बता ऐ दिल, परदेसियों से ना आंखियां मिलाना, तेरे मेरे सपने अब एक रंग हैं, जनम जनम का साथ है निभाने को, अकेले हैं चले आओ, ओ मेरी शाहे खुबां, आजा तुझको पुकारे मेरे गीत और क्या हुआ तेरा वादा सहित बॉलीवुड गोल्डन एरा के दौर में मोहम्मद रफी और मुकेश के गाए गीतों का वहां मौजूद संगीत प्रेमियों ने जमकर लुत्फ उठाया। नेस्टा होम्स के प्रवर्तक सांवर मल जांगिड़ और राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा समारोह के सम्मानीय अतिथि रहे। मंच संचालन निशा शर्मा ने किया।

## देवनानी ने किया 'नजर' फोटो एग्जिबिशन पोस्टर का विमोचन



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राजस्थान फोटो फेस्टिवल के तहत विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर होने वाली 'नजर फोटो एग्जिबिशन' के पोस्टर का विमोचन किया। इस मौके पर संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल भी मौजूद रहे। पोस्टर का विमोचन करते हुए देवनानी ने आयोजकों को शुभकामनाएं दी। एग्जिबिशन के आयोजक फोटो जर्नलिस्ट संजय कुमावत ने देवनानी को बताया कि 12 वर्ष के किशोर से लेकर 95 वर्ष के व्यक्ति भी हिस्सा ले रहे हैं। 23 से 25 अगस्त तक प्रदर्शनी जवाहर कला केंद्र में आयोजित होगी। इसमें 300 से अधिक तस्वीरों का प्रदर्शन किया जाएगा। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम के दौरान राजस्थान विधानसभा के उप निदेशक जनसंपर्क लोकेश चंद्र शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार अरविंद पालावत, मोहन शर्मा, फोटो जर्नलिस्ट मनोज श्रेष्ठ, सत्येंद्र सिंह, दिनेश भारद्वाज आदि मौजूद रहे। उद्घाटन के लिए भी आमंत्रित किया।

## शक्तिपीठों में गुरु पूर्णिमा पर नए साधकों को दी जाएगी गुरु दीक्षा




**बेधड़क. जयपुर।** गुरु-शिष्य के स्नेह संबंधों का महापर्व गुरु पूर्णिमा रविवार को मनाया जाएगा। इसी कड़ी में गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी में तीन दिवसीय गुरू पूर्णिमा महोत्सव आयोजित किया जाएगा। शक्तिपीठ के व्यवस्थपक सोहन लाल शर्मा ने बताया कि शक्तिपीठ के ऑडिटोरियम में संगीतमय गुरु गीता के पाठ हुए। रविवार को गुरु पूर्णिमा का मुख्य उत्सव होगा। सुबह आठ से ग्यारह बजे तक 9 कुंडीय महायज्ञ होगा। इस मौके पर समाधि स्थल सजल श्रद्धा और प्रखर प्रज्ञा पर गुरु चरण पादुका पूजन किया जाएगा। नए साधकों को गुरु दीक्षा दी जाएगी। यज्ञोपवीत, पुसंवन, नामकरण सहित अन्य संस्कार कराए जाएंगे।

# City इवेंट्स

## बुजुर्ग को सीपीआर देकर जान बचाने वाली रेलवे की डॉ. प्रिया गर्ग सम्मानित



**बेधड़क. जयपुर।** नई दिल्ली एयरपोर्ट पर 60 वर्षीय बुजुर्ग को हार्ट अटैक आने पर सीपीरआर देकर जान बचाने वाली रेलवे की डॉ. प्रिया गर्ग को सम्मानित किया गया। मौका था अमिताभ महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे की अध्यक्षता में प्रधान कार्यालय में समीक्षा बैठक का। इस दौरान सभी विभागों के विभागाध्यक्ष व चारों मण्डलों के मण्डल रेल प्रबंधक उपस्थित रहे। बैठक में रेलवे बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष अश्विनी लोहानी ने भी सम्बोधित किया। महाप्रबंधक अमिताभ ने अमृत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित किए जा रहे स्टेशंस के कार्य की प्रगति की जानकारी ली। अश्विनी लोहानी ने कहा कि किसी भी संगठन का विकास उनके कार्मिकों द्वारा समय पर किए गए कार्यों व निर्णयों पर निर्भर करता है। हमे रेल व देश हित मे सभी कार्यों को पॉजिटिव सोच के साथ समयानुसार व त्वरित निर्णय लेकर किए जाने चाहिए।

### छह दिवसीय नटराज महोत्सव 23 से

**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केंद्र में 23 से 28 जुलाई तक छह दिवसीय नटराज महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव में रंगमंच, गायन व नृत्य का संयोजन देखने को मिलेगा। पहली बार किसी थिएटर फेस्टिवल में रेड कार्पेट होगा। 23 जुलाई को मनीषा गुलयानी की कथक प्रस्तुति के साथ महोत्सव का उद्घाटन होगा। 24 से 28 जुलाई तक प्रतिदिन शाम सात बजे नाट्य प्रस्तुति होगी। 24 जुलाई को नाटक "द शैडो ऑफ ओथेलो" का मंचन होगा। 25 जुलाई को देश राज गुर्जर निर्देशित "गोरधन के जूते" नाटक होगा। 26 को योगेंद्र सिंह के निर्देशन में हेनरिक इब्सन द्वारा लिखित नाटक "एन एनिमी ऑफ द पीपल" का प्रदर्शन होगा। 27 को विशाल विजय के निर्देशन में नाटक "12 एंग्री मेन" का मंचन तो 28 जुलाई को "संवाद प्रवाह" का आयोजन होगा।

## राठौड़ ने डेढ़ घंटे दी कथक प्रस्तुति



**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केन्द में कथक की आनंदमयी संध्या साकार हुई। वरिष्ठ कथक नृत्य गुरु व नृत्यांगना प्रेरणा श्रीमाली के निर्देशन में शुभम पाल सिंह राठौड़ ने डेढ़ घंटे कथक की प्रस्तुति दी। प्रस्तुति का आरंभ राग दरबारी में निबद्ध कृष्ण वंदना से किसर गसर। ताल पक्ष में तीनताल बरत कर दिखाई, जिसके अंतर्गत उठान, आमद, परण, तिहाई इत्यादि प्रस्तुत किए गए। प्रस्तुति में कथक का उपज अंग, पारंपरिक गणेश परण, जयपुर घराने की पारंपरिक ठुमरी -'छाड़ो छाड़ो जी बिहारी' और अंत में प्रस्तुत किया गया सूरदास पद आकर्षण का केन्द्र रहे हैं। गायन व हारमोनियम पर परमेश मेवाल, तबले पर मोहित कथक, पढ़ंत पर मनस्विनी शर्मा और सितार पर मोहम्मद इरफान ने संगत की।

## रियल एस्टेट, आर्किटेक्चर एंड कॉर्पोरेट लीडरशिप अवॉर्ड समिट

# अवॉर्ड सेरेमनी के बीच भविष्य की चुनौतियों पर विचार-विमर्श




**बेधड़क** | जयपुर

आर्किटेक्ट और रियल स्टेट के एक्सपर्ट एक छत के नीचे आए और चुनौतियों व नई तकनीक के साथ राजस्थान की ग्रोथ पर बात की। साथ ही बेस्ट करने वालो को अवॉर्ड दिए गए। इस दौरान क्रेड़ाई अध्यक्ष से लेकर महिंद्रा ग्रुप के एक्सपर्ट ने जयपुर में भविष्य की चुनौतियों पर बात की। क्रेड़ाई अध्यक्ष ने रियल एस्टेट की बारीकियां बताई तो नई जानकारी और नई तकनीक के बारे में विचार साझा किए। मौका था टोंक रोड स्थित सरोवर प्रीमियर होटल में आयोजित हुए रियल एस्टेट, आर्किटेक्चर एंड कार्पोरेट लीडरशिप अवॉर्ड सबमिट का, जिसमें अलग-अलग बैंक ग्रुप के हैड्स ने भी जयपुर, राजस्थान और देश भर की बिजनेस पर्सनेलिटीज को मोटिवेट करते हुए संबोधित किया। इस मौके पर आर्किटेक्ट अंशुल अग्रवाल ने विचार रखे और नई जानकारियां शेयर करते हुए बताया, कि जयपुर अपकमिंग ग्रोथ करता हुआ शहर है। यहां रियल स्टेट के साथ आर्किटेक्ट फील्ड में बहुत संभावनाएं हैं।

इस मौके पर राजस्थान चौक और प्रोकॉन मीडिया मुंबई की ओर से आयोजित रियल एस्टेट कॉन्फ्रेंस-2024 में राजस्थान के विकास पर सार्थक चर्चा की गई। इस मौके पर पीएम मोदी के मिशन विकसित भारत-2047 की गूंज मंच से सुनाई दी। कार्यक्रम में क्रेडाई राजस्थान चेयरमैन गोपाल गुप्ता, वाइस चेयरमैन धीरेंद्र मदान, डाटा ग्रुप एमडी डॉ. अजय डाटा, राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ अध्यक्ष बाबूलाल गुप्ता, फोर्टी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, महिंद्रा समूह के नॉर्थ इंडिया हैड आलोक कुमार मौर्य, Hi AiM Solar से चिरंजीलाल, उद्यमी सुमेर सिंह शेखावत, प्रदीप गुप्ता, विजय खदरिया, कमल गौड़, अमित शर्मा सहित युवा उद्यमी मौजूद रहे।

## जयपुर के बच्चे देश के वीरों के लिए बनाएंगे राखी-कार्ड

**जयपुर।** जयपुर के बच्चे सैनिकों की कलाई सूनी नहीं रही इसके लिए अपने हाथों से राखी बनाएंगे। ये राखियां जवानों तक पहुंचाई जाएंगी जिसे वे रक्षा बंधन पर पहनेंगे। मौका होगा लगातार 7वें वर्ष रक्षाबंधन पर सैनिकों के लिए देवी नगर के बच्चों की ओर से राखी बनाने का। हस्त निर्मित राखियां और बधाई संदेश के साथ चॉकलेट भेजी जाएंगी।

इसी कड़ी में देश को सुरक्षित रखने के लिए सेवा दे चुके पूर्व सैनिकों के लिए भी इस बार विशेष धन्यवाद स्वरूप हाथ से बनाए कार्ड भेजे जाएंगे। 7 साल से ये काम कर रहीं देवी नगर निवासी अर्पिता माथुर ने बताया, कि ड्राइंग कलर पेंटिंग क्राफ्ट कैसे भी कार्ड बनाया जा सकता है। बच्चे चाहे तो घर से कार्ड बनाकर ला सकते हैं या सामान साथ लाकर भी बना सकते हैं। हर प्रतिभागी एक से अधिक कार्ड भी ला सकता है। इसके लिए रविवार शाम 4 से 5 बजे तक 165 सी जवाहर मार्ग देवी नगर मेट्रो पिलर 73-74 के सामने न्यू सांगानेर रोड पर आयोजन किया जाएगा।

## अभियान के तहत लगाए 30 पौधे

# एक पेड़ मां के नाम एक पेड़ देश के नाम




**बेधड़क** | जयपुर

रोटरी क्लब जयपुर प्राइड - जिला- 3056 टीम 2024-25 ने परशुराम पार्क सूर्य नगर गोपालपुरा बाईपास रोड में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। पार्क में विभिन्न प्रजाति के लगभग 30 छायादार पौधे लगाए गए।

वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान क्लब की अध्यक्ष निशा खांडपुर, सचिव मनीष खंडेलवाल, ट्रेजरार जी. एल. गौड़, अनिल जैन, दिनेश केडिया, श्याम विजय, एसपी गुप्ता, आर. के. अग्रवाल, बी. पी. खंडेलवाल, सुनील गौड़ के साथ सूर्य नगर के स्थानीय निवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में इनरव्हील क्लब ऑफ जयपुर प्राइड की कोषाध्यक्ष पायल शर्मा, रॉयल राजस्थान रनर्स के उमेश सैनी, कृष्ण पाल चौधरी, विनय जैन, डॉ. माधवी शर्मा शामिल हुए।वृक्षारोपण के बाद सभी ने इन पौधों को नियमित रूप से पानी और अन्य आवश्यक पोषण देकर हमेशा स्वस्थ रखने की शपथ ली।

**मोटिवेशन** शिल्पकार, एनजीओ और उद्यमी अब एक छत के नीचे करेंगे प्रदर्शन

# कम्यूनिटी ऑफ ड्रीमर्स की पहल से ख्वाबों को लगे पंख

**बेधड़क** | जयपुर

स्थानीय कला और रचनात्मकता का जश्न मनाने के लिए जयपुर के कम्यूनिटी ऑफ ड्रीमर्स की पहल पीलवा गार्डन स्थित द शॉप का प्रमुख शासन सचिव पर्यटन गायत्री राठौड़ ने विजिट करते हुए मोटिवेट किया। इस दौरान पूर्व महिला व बाल विकास मंत्री ममता भूपेश और राजस्थान लघु उद्योग निगम पूर्व चेयरमैन राजीव अरोड़ा विशेष अथिति के रूप में उपस्थित रहे। राठौड़ ने 'कम्यूनिटी ऑफ ड्रीमर्स' की पहल की सराहना करते हुए कहा, कि मुझे प्रसन्नता है कि जयपुर के आर्टीजंस, शिल्पकार, उद्यमी और लघु व्यवसायी अब एक ही छत के नीचे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इससे न केवल उनको पंख लगेंगे बल्कि स्थानीय कला और शिल्प को प्रोत्साहन मिलेगा। इस अवसर पर 'कम्यूनिटी ऑफ ड्रीमर्स' की फाउंडर्स कल्पना पीलवा और संध्या दिलीप और 'कम्यूनिटी ऑफ ड्रीमर्स संरक्षक सुधीर माथुर उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में शहर के कई प्रतिष्ठत व्यक्ति, इन्फ्लूएंसर्स और ब्लागर्स शामिल हुए।



### स्थानीय प्रतिभाओं को सशक्त बनाना मिशन



फाउंडर्स कल्पना पीलवा और संध्या दिलीप ने बताया, कि एनजीओ (दिशा, उमंग आदि), शिल्पकार और उद्यमी अपनी कला प्रदर्शित कर रहे हैं। वहीं कुछ एनजीओ को यहां अपने प्रोडक्ट्स को शोकेस करने के लिए निःशुल्क स्पेस उपलब्ध कराया जाएगा। हमारा मिशन स्थानीय प्रतिभाओं को अवसर, बिल्डिंग और विजिबिलिटी प्रदान करते हुए सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि 'कम्यूनिटी ऑफ ड्रीमर्स' रचनात्मकता, नवाचार और विकास का केंद्र है। गौरतलब है 'कम्यूनिटी ऑफ ड्रीमर्स' आर्टीजंस, शिल्पकारों, स्थानीय उद्यमियों और लघु व्यवसायों के सहयोग के लिए विभिन्न नेटवर्किंग कार्यक्रम, वर्कशॉप्स और ट्रेनिंग, मेंटरशिप प्रोग्राम्स आयोजित करता है।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, रविवार, 21 जुलाई, 2024



ज्यादा समझदार और मूर्ख में कोई फर्क नहीं होता, क्योंकि ये दोनों किसी की नहीं सुनते।

विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



### बांग्लादेश: आरक्षण के खिलाफ चल रहे उग्र आंदोलन के चलते हालात बेहद खराब

# करीब 1 हजार भारतीय छात्र लौटे वतन

■ हिंसा में मरने वालों की संख्या बढ़ी ■ मृतकों की संख्या हुई 115 ■ भारत लौटने वालों की संख्या हुई 998





**एजेंसी | ढाका**

बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ हिंसा भड़क उठी है। इसे देखते हुए शनिवार को पुलिस ने पूरे देश में कठोर कर्फ्यू लागू कर दिया और सैन्य बलों ने राष्ट्रीय राजधानी ढाका के विभिन्न हिस्सों में गश्त की। बांग्लादेश में हिंसा भड़कने से कई लोगों की मौत हुई है, जबकि सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। मृतकों की संख्या की पुष्टि करने के लिए अधिकारियों से तत्काल संपर्क नहीं हो सका, लेकिन एक समाचार पत्र की खबर में बताया गया कि मंगलवार से अब तक 103 लोगों की मौत हुई है। यानी मृतकों की संख्या अब बढ़कर 115 हो चुकी है। इस बीच, भारतीय विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि बांग्लादेश से 778 भारतीय छात्रों की सुरक्षित वापसी हो चुकी है। इस तरह अब तक लौटने वालों की कुल संख्या 998 हो गई है।

## किस बात को लेकर हो रही हिंसा!

बता दें कि प्रदर्शनकारी उस सिस्टम को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं, जिसके तहत 1971 में पाकिस्तान के खिलाफ बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम में लड़ने वाले पूर्व सैनिकों के रिश्तेदारों को सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत तक आरक्षण दिया जाता है। प्रदर्शनकारियों का तर्क है कि यह प्रणाली भेदभावपूर्ण है और प्रधानमंत्री शेख हसीना के समर्थकों को लाभ पहुंचा रही है। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग पार्टी ने मुक्ति आंदोलन का नेतृत्व किया था। छात्र चाहते हैं कि इसे योग्यता आधारित प्रणाली में तब्दील किया जाए। वहीं, हसीना ने आरक्षण प्रणाली का बचाव करते हुए कहा कि युद्ध में भाग लेने वालों को सम्मान मिलना चाहिए, भले ही वे किसी भी राजनीतिक संगठन से जुड़े हों।



## बांग्लादेश में कोई कोटा नहीं

नौकरियों में इसी 30% आरक्षण के खिलाफ छात्र प्रदर्शन कर रहे हैं। वे सवाल कर रहे हैं कि स्वतंत्रता सेनानियों की तीसरी पीढ़ी को लाभ क्यों दिया जाना चाहिए। वे पूरी तरह से योग्यता आधारित भर्ती की मांग कर रहे हैं। पिछले हफ्ते सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाई कोर्ट के आदेश को निलंबित करने के बाद बांग्लादेश में फिलहाल कोई कोटा नहीं है। शेख हसीना सरकार ने 2018 में छात्रों के बड़े पैमाने पर आंदोलन के बाद नौकरियों में सभी आरक्षण को खत्म कर दिया था। 2018 से कोई कोटा नहीं था।

## हाई कोर्ट ने कोटा किया बहाल

याचिकाकर्ताओं का एक समूह 2021 में हाई कोर्ट गया और सिविल सेवाओं में स्वतंत्रता सेनानियों के लिए 30% आरक्षण को वापस पाने के लिए मुकदमा लड़ा। तीन साल तक इस मुद्दे पर सुनवाई करने के बाद हाई कोर्ट ने 1 जुलाई को 30% कोटा बहाल कर दिया।

## सुप्रीम कोर्ट में याचिका विचाराधीन

हाई कोर्ट के फैसले के तुरंत बाद अटॉर्नी जनरल ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। 16 जुलाई को एक याचिका दायर की गई। रिपोर्ट के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने पिछले हफ्ते हाई कोर्ट के आदेश को चार हफ्ते के लिए निलंबित कर दिया था। मुख्य न्यायाधीश ने प्रदर्शनकारी छात्रों से कक्षाओं में लौटने को कहा और कहा कि न्यायालय चार सप्ताह में निर्णय जारी करेगा।

## 4,000 से अधिक भारतीय छात्र संपर्क में

विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'ढाका में भारतीय उच्चायोग और हमारे सहायक उच्चायोग बांग्लादेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के 4,000 से अधिक छात्रों से लगातार संपर्क में हैं। साथ ही, उन्हें आवश्यक सहायता मुहैया कराई जा रही है। ढाका में भारतीय उच्चायोग चटगांव, राजशाही, सिलहट और खुलना में स्थित सहायक उच्च आयोगों से संपर्क बनाए हुए है। बांग्लादेश में फैली हिंसा के बाद फिर से शांति बहास करने में पूरी सहायता दी जा रही है।' इस बीच भारत, नेपाल और भूटान के 360 से अधिक नागरिक मेघालय पहुंचे हैं, जिससे राज्य में शरण लेने वालों की संख्या 670 से अधिक हो गई है। गृह विभाग के सीनियर अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को 363 लोग दावकी एकीकृत जांच चौकी के जरिए मेघालय पहुंचे, जिनमें 204 भारतीय, 158 नेपाली और एक भूटानी नागरिक शामिल है।

### चीन में भारी बारिश के बीच भरभराकर गिर गया पुल

# कम से कम 11 की मौत

**एजेंसी | बीजिंग**

अपनी उन्नत तकनीक और मॉडर्न इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए मशहूर चीन में एक पुल ढह गया और 11 लोगों की मौत हो गई। उत्तर पश्चिमी चीन के शानक्सी प्रांत में एक राजमार्ग पुल के आंशिक रूप से ढह जाने से शनिवार सुबह तक ग्यारह लोगों की मौत की पुष्टि हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

प्रांतीय प्रचार विभाग के अनुसार शांग्लुओ शहर के झाशुई काउंटी में स्थित यह पुल शुक्रवार को अचानक भारी बारिश और बाढ़ के कारण रात लगभग 8:40 बजे ढह गया। शनिवार सुबह 10 बजे (स्थानीय समय) तक बचाव दल ने नदी में गिरे पांच वाहनों को बरामद कर लिया था। बचाव कार्य जारी है। बता दें कि इन दिनों चीन के कई हिस्सों में भारी बारिश हो रही है। भारत में भी मॉनसूनी बारिश की वजह से कई जगहों पर पुल गिरे हैं। दो दिन पहले ही उत्तराखंड के ऋषिकेश-बद्रीनाथ राजमार्ग पर रुद्रप्रयाग के पास एक निर्माणाधीन सिग्नेचर ब्रिज का एक हिस्सा गिर गया। गनीमत यह थी कि उस वक्त कोई भी मजदूर साइट पर नहीं था।



## 30 लोग अब भी लापता

पुल ढहने के कारण 30 से अधिक लोग लापता हैं। मंगलवार से, उत्तरी और मध्य चीन के बड़े हिस्से भारी बारिश से जूझ रहे हैं, जिससे बाढ़ आई है और काफी नुकसान हुआ है। इससे पहले शुक्रवार को, राज्य मीडिया ने बताया कि शानक्सी के बाओजी शहर में बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन के बाद कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और आठ लोग लापता हैं।

## गर्मी से झुलस रहा ड्रैगन

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार कथित तौर पर, चीन में भीषण गर्मी पड़ रही है, पूर्व और दक्षिण में भारी बारिश हो रही है, जबकि उत्तर का ज्यादातर हिस्सा लगातार गर्मी की लहरों से झुलस रहा है। इस महीने की शुरुआत में, पूर्वी चीन में लगभग सवा लाख लोगों को निकाला गया था क्योंकि देश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हुई थी और यांग्त्ज़ी और अन्य नदियाँ उफान पर थीं, राज्य मीडिया ने बताया। शिन्हुआ के अनुसार, तूफान ने अनहुई प्रांत में 991,000 निवासियों को प्रभावित किया था और 242,000 लोगों को निकालने के लिए मजबूर किया गया था।

### पाकिस्तान में अल्पसंख्यक

# हिंदू 7 साल में बढ़े सिर्फ 3 लाख

**एजेंसी | इस्लामाबाद**

पाकिस्तान में हिंदुओं की आबादी वर्ष 2017 के 35 लाख से बढ़कर 2023 में 38 लाख हो गई, जो इन्हें इस इस्लामी राष्ट्र का सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समूह बनाती है। पिछले साल की जनगणना के आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान सांख्यिकी ब्यूरो (पीबीएस) ने गुरुवार को 7वीं आबादी और आवास जनगणना 2023 के नतीजे जारी किए।



## जनसंख्या वृद्धि दर में बढ़ोतरी

आंकड़ों से पता चलता है कि देश की जनसंख्या 2.55 प्रतिशत की वृद्धि दर से 2017 में करीब 20.76 करोड़ से बढ़कर 2023 में करीब 24.14 करोड़ हो गई। आंकड़े दर्शाते हैं कि इस दर से पाकिस्तान की जनसंख्या 2050 तक दोगुनी होने की उम्मीद है। जनसंख्या विभाजन के अनुसार पुरुषों की कुल संख्या 12.432 करोड़ थी, जबकि महिलाओं की संख्या 11.715 करोड़ दर्ज की गई। लिंगानुपात 1.06 था, जबकि ट्रांसजेंडर की आबादी 20,331 बताई गई।

**2023 में पाकिस्तान की कुल जनसंख्या** 2,40,458,089 थी। इससे पता चलता है कि कुल आबादी में मुसलमानों की हिस्सेदारी 2017 में 96.47 प्रतिशत से थोड़ी कम होकर 2023 में 96.35 प्रतिशत रह गई, जबकि सभी प्रमुख धार्मिक अल्पसंख्यकों की आबादी पिछले छह वर्षों में बढ़ी है। पाकिस्तान में हिंदुओं की आबादी 2017 के 35 लाख से बढ़कर 2023 में 38 लाख हो गई, लेकिन कुल आबादी में उनकी हिस्सेदारी 1.73 से घटकर 1.61 प्रतिशत हो गई है। इससे पता चलता है कि अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की आबादी में तेज दर से वृद्धि हुई है। ईसाइयों की जनसंख्या भी 26 लाख से बढ़कर 33 लाख हो गई। अहमदियों की वास्तविक जनसंख्या के साथ-साथ कुल जनसंख्या में उनकी हिस्सेदारी में भी गिरावट देखी गई।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl